


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-21 अंक-291 सीहोर, रविवार 12 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


### मुख्यमंत्री भोपाल के सुभाष स्कूल में विद्यार्थियों के साथ करेंगे सूर्य नमस्कार

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर करेंगे 'स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन' का शुभारंभ : डॉ. यादव



### 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1553 करोड़ की राशि होगी अंतरित

भोपाल (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को मिशन के रूप में साकार करने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का ध्येय मंत्र GYAN (ग़रीब, युवा, अन्नदाता और नारी) पर ध्यान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ज्ञान से ध्यान के मंत्र के चार स्तंभों में से एक 'युवा' के सशक्तिकरण पर केन्द्रित 'स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन' का शुभारंभ राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर रवीन्द्र भवन सभागृह में प्रातः 11:30 बजे करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश के विकास में युवाओं की व्यापक क्षमताओं का उपयोग करने के उद्देश्य से तैयार किये गए इस मिशन का नामकरण युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद के नाम पर किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि युवाओं को नौकरी दिए जाने की श्रृंखला में तीन वर्ष के रिक्त पद पीएससी के माध्यम से एक ही वर्ष में भरे जाएंगे, हालांकि इनके लिए परीक्षाएं अलग-अलग होंगी। उन्होंने घोषणा की है कि जल्द ही बैकलॉग के खाली पदों के लिए भी भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वामी विवेकानंद जयंती पर रविवार को दोपहर 1:30 शाजापुर जिले के कालापीपल से प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खाते में 1553 करोड़ रूपये, 55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खाते में 335 करोड़ रूपये और 27 लाख बहनों के खाते में गैस रीफिलिंग के 27 करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। रवीन्द्र भवन सभागृह में स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के शुभारंभ अवसर पर खेल, युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल उपस्थित रहेंगे।

### स्वामी विवेकानंद की 18 हजार स्क्वेयर फीट में बन रही विश्व की सबसे बड़ी 3-डी रंगोली

'स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन' के शुभारंभ पर मध्यप्रदेश को गौरवांवित करने वाला वर्ल्ड रिकॉर्ड बनने जा रहा है। स्वामी विवेकानंद जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस पर भोपाल के शौर्य स्मारक में विश्व की सबसे बड़ी 3-D रंगोली भी आकर्षण का केंद्र होगी। स्वामी विवेकानंद पर बनी हुई रंगोली 18 हजार स्क्वेयर फीट में है। इस 225 X 80 फीट की 3-डी रंगोली को बनाने में 4 हजार किलोग्राम प्राकृतिक रंगों (ईको फ्रेंडली) का उपयोग किया गया है। रंगोली में प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी दिखाई देंगे। यह रंगोली युवाओं को मिशन के ध्येय वाक्य 'संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि' का संदेश देगी।

### ब्लॉग

## स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशनः संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि की त्रिवेणी



**डॉ. मोहन यादव**

युवाओं की मेधा, शक्ति को जाग्रत करने वाले स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था, उठो,जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए विवेकानंद जी युवाओं को आशा और उम्मीद से देखते थे और युवा पीढ़ी को परिवर्तन का अग्रदूत मानते थे। स्वामी जी के लिये राष्ट्रकवि श्री रामधारी सिंह दिनकर ने अपनी पुस्तक संस्कृति के चार अध्याय में लिखा कि अभिनव भारत को जो कुछ कहना था, वह विवेकानंद के मुख से उद्घोषित हुआ। अभिनव भारत को जिस दिशा में जाना था, उसका स्पष्ट संदेश विवेकानंद ने दिया। विवेकानंद वह सेतु हैं जिस पर प्राचीन और नवीन भारत परस्पर आलिंगन करते हैं। युवा शक्ति को राष्ट्र की मूलभूत चेतना और समाज निर्माण की ऊर्जा मानने वाले स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर उनके चरणों में शत-शत नमन। हमारे मार्गदर्शक यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने युवा पीढ़ी की क्षमता को जाना, समझा और ज्ञान (GYAN) पर ध्यान का मार्गदर्शन दिया। इसमें जी से गरीब, वाय से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी कल्याण की बात कही। उन्होंने युवाओं के लिये अनुशासन, शील, सकारात्मकता, कौशल क्षमता और प्रतिभा के विकास का आह्वान किया। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हम मध्यप्रदेश में आज से स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन की शुरुआत कर रहे हैं। हमने इस मिशन को ज्ञान (GYAN) पर ध्यान और मध्यप्रदेश की युवा नीति-2023 को केन्द्र में रखकर आकार दिया है। इसका उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, रोज़गार के अवसर और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है। यह मिशन शहरी तथा ग्रामीण, पिछड़े और आर्थिक-सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं के कल्याण के लिये है। इसमें महिलाओं, दिव्यांग, युवाओं और किसानों को सशक्त बनाने का प्रयास है। हमने युवाओं के विकास के लिये विभिन्न मोर्चो पर काम शुरू किया है। युवाओं के लिये विभिन्न विभागों में शासकीय नौकरी की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिये 55 पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शुरू किये गये हैं। चिकित्सा शिक्षा के लिये आयुर्वेदिक, एलोपैथिक और होम्योपैथिक तीनों क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। विगत वर्ष हमने तीन मेडिकल कॉलेज शुरू किये हैं। मुझे यह बताते हुए आनंद है कि पीपीपी मोड पर 2 साल में 25 नये मेडिकल कॉलेज आरंभ किये जायेंगे। औद्योगिकरण में रोज़गारपरक व्यवस्थाओं के लिये प्रदेश के विभिन्न अंचलों में आयोजित की जा रही रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का बड़ा आधार युवा शक्ति है। रीवा, उज्जैन, सहित अन्य आईटी पार्कों के माध्यम से युवाओं को अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर प्रदेश में ही रोज़गार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन में युवाओं के कौशल संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना से रोज़गार के लिए आवश्यक दक्षताओं का विकास किया जाएगा। पर्यटन, कृषि और सेवा क्षेत्रों में कौशल विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा, युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की जाएंगी।

## पुडुचेरी में भी एचएमपीवी की दस्तक, 5 वर्षीय बच्ची मिली संक्रमित

नई दिल्ली (आरएनएस)। पुडुचेरी में एचएमपीवी ने दस्तक दे दी है। 5 साल की बच्ची संक्रमित पाई गई है जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। 5 वर्षीय बच्ची को बुखार के लक्षणों के साथ जिपमेर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिपमेर अस्पताल प्रशासन ने बताया, संदेह के आधार पर डॉक्टरों ने बच्ची का एचएमपीवी परीक्षण किया और बच्ची के एचएमपीवी से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक बच्ची स्वस्थ है।गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही लोगों को एचएमपीवी वायरस को लेकर घबराने की सलाह नहीं दी थी।

## विज्ञापनों से लेकर पोस्ट तक, सोशल मीडिया पर ईसी की पैनी नजर, ये गलतियों पर होगा एक्शन

**दिल्ली विधानसभा चुनाव**

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों की सोशल मीडिया पर गतिविधि पर चुनाव आयोग की कड़ी नजर है। सोशल मीडिया पर दिए जा रहे विज्ञापनों और हरेक पोस्ट की निगरानी करने की जिम्मेदारी आयोग ने दिल्ली चुनाव कार्यालय को सौंपी है। सोशल मीडिया पर दलों व उनके प्रत्याशियों के भारी- खर्च, आपत्तिजनक पोस्ट और मेनिफेस्टो से इतर दावों पर तत्काल एक्शन लिया जाएगा। राजनीतिक दलों के सोशल मीडिया में प्रचार के प्रमुख साधन के रूप में अपनाने के चलते एक दशक पहले लोकसभा चुनाव




में निर्वाचन आयोग ने दिशा निर्देश तय किए थे। इन दिशा निर्देशों के आधार पर दिल्ली चुनाव कार्यालय राजधानी में होने वाले चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के सोशल मीडिया प्रचार और खर्च पर भी निगरानी रखेगा।निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम, स्नेपचैट आदि जैसी वेबसाइट्स को सोशल मीडिया की संज्ञा दी गई है।सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए तय किए गए थे और बढ़ते प्रभाव के चलते ही आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के ज़रिये सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री को चुनाव आचार संहिता के दायरे में लाने का फैसला 2014 के आम चुनाव के दौरान किया था।तब चुनाव आयोग का कहना था कि चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये सोशल मीडिया पर नियंत्रण की जरूरत है।

## शाह का दिल्ली सरकार पर हमलाः केजरीवाल ने अन्ना का किया इस्तेमाल, भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़े



नई दिल्ली,(ए)। गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली में झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला। शाह ने कहा कि 5 फरवरी दिल्ली के लिए आप-दा से मुक्ति का दिन होगा। उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल ने अन्ना जैसे संत का इस्तेमाल कर सत्ता में आने के बाद भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान रच दिए हैं।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा, कि दिल्ली सरकार ने पिछले 10 सालों में राजधानी को नरक बना दिया है। झूठे वादों और धोखे से सत्ता में आए केजरीवाल ने न तो झुग्गीवासियों की समस्याएं हल कीं और न ही दिल्ली के विकास के लिए कुछ किया। उन्होंने कहा कि अगर काम नहीं हो रहा है तो सत्ता छोड़ दें। भाजपा दिल्ली को विकास के पथ पर ले जाएगी। इस अवसर पर शाह ने झुग्गीवासियों से अपील करते हुए कहा, आपकी जिम्मेदारी है कि दिल्ली को भ्रष्टाचार और झूठे वादों से मुक्ति दिलाएं। भाजपा आपकी सभी समस्याओं का समाधान करेगी। हमने आपकी मांगों की सूची पीएम मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंप दी है। हमारा घोषणापत्र आपके हितों को प्राथमिकता देगा।

केंद्रीय मंत्री शाह ने पूर्व सीएम केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने न केवल अन्ना और दिल्ली के लोगों को, बल्कि पंजाब के लोगों को भी धोखा दिया है। पंजाब के लोग कह रहे हैं कि केजरीवाल पर विश्वास मत करो। उन्होंने विकास का वादा किया था, लेकिन सड़कों से लेकर यमुना तक, सब जगह अव्यवस्था है। इस सम्मेलन में करीब 30,000 झुग्गी बस्ती के प्रधानों ने हिस्सा लिया। शाह ने उनकी समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि भाजपा सत्ता में आने के बाद झुग्गीवासियों की हर जरूरत पूरी करेगी।



**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर राम जन्मभूमि मंदिर में पूजा-अर्चना की।**

## किसी भी विवादित ढांचे को मस्जिद बोलने से बचें, ये इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ : सीएम योगी

लखनऊ (आरएनएस)। किसी भी विवादित ढांचे को मस्जिद नहीं बोलना चाहिये। हम जिस दिन मस्जिद बोलना बंद कर देंगे तो उस दिन लोग जाना भी बंद कर देंगे। यह इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ भी है कि किसी की भी आस्था को ठेस पहुंचाकर, वहां मस्जिद नुमा ढांचा खड़ा कर दिया हो। ऐसे स्थान पर किसी भी प्रकार की होने वाली इबादत खुदा को भी मंजूर नहीं होती है। जब खुदा को मंजूर नहीं होती है तो बेकार में वहां क्यों इबादत की जाए। वहीं इस्लाम में उपासना के लिए एक स्ट्रक्चर खड़ा हो, यह आवश्यक नहीं है जबकि यह सनातन धर्म में है। सनातनी उपासना के लिए मंदिर जाएगा, इस्लाम के लिए नहीं है। ऐसे में हमे किसी भी ढांचे को मस्जिद बोलने की जिद्द नहीं करनी चाहिये। यह समय एक नये भारत के बारे में सोचना के साथ आगे बढ़ने का है। हमे इस ओर ध्यान देना चाहिये। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महाकुम्भ मेला क्षेत्र में ऐरावत घाट पर एक निजी चैनल के कार्यक्रम में कही।




## असम खदान से निकाले गए चार खनिकों के शव, 5 अब भी अंदर फंसे; बचाव कार्य जारी



गुवाहाटी (आरएनएस)। असम के दीमा हसाओ जिले में स्थित एक अवैध कोयला खदान में हुए हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। शनिवार को खदान से तीन और शव बरामद किए गए हैं। हालांकि, पांच मजदूर अभी भी खदान में फंसे हुए हैं और उनके जिंदा बचने की उम्मीद कम है।सोमवार को खदान में अचानक पानी भर जाने के कारण नौ मजदूर फंस गए थे। बचाव कार्य में लगी टीमों ने लगातार प्रयास के बाद अब तक चार शवों को बरामद किया है। शनिवार को बरामद किए गए तीन शवों में से एक की पहचान दीमा हसाओ के कलामाटी गांव के निवासी 27 वर्षीय लिजेन मगर के रूप में हुई है। खदान से पानी निकालने का काम युद्ध स्तर पर जारी है। और कोल इंडिया की विशेष मशीनों का उपयोग करके खदान से पानी निकाला जा रहा है। हालांकि, खदान की गहराई और पानी भरने की तेजी के कारण बचाव कार्य में काफी मुश्किलें आ रही हैं। इस हादसे के बाद पुलिस ने खदान में फंसे मजदूरों के सरदार को गिरफ्तार कर लिया है। सरदार हादसे के बाद से फरार था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने इस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह एक दुखद घटना है और सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है।

## एक और श्रद्धा जैसा हत्याकांड : लिव इन पार्टनर ने गर्लफ्रेंड को उतारा मौत के घाट, 10 महीने बाद खुला फ्रिज तो हैरान रह गई पुलिस

देवास (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के देवास में श्रद्धा हत्याकांड जैसा मामला सामने आया है। यहां भी लिव इन रिलेशनशिप का अंत फ्रिज में हुआ है। बायपास स्थित वृंदावन धाम कॉलोनी के एक मकान में फ्रिज से महिला का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए तुरंत आरोपी को धर दबोचा। आरोपी का नाम संजय पाटीदार है, जबकि मृतका की पहचान पिंकी उर्फ प्रतिभा प्रजापति के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि संजय और पिंकी 5 साल से रिलेशनशिप में थे। दोनों इंदौर निवासी धीरेंद्र श्रीवास्तव के मकान में 2023 से किराए से रह रहे थे। जानकारी के मुताबिक, पिंकी संजय पर शादी का दबाव बना रही थी।

## भदोही में कोहरे की वजह से हुआ बड़ा सड़क हादसा, 8 वाहन टकराए

भदोही (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में कोहरे के कारण शनिवार को नेशनल हाईवे-19 पर एक बड़ा हादसा हुआ है। हादसे में 8 वाहन आपस में टकरा गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसा काफी गंभीर था, लेकिन, राहत की बात यह रही कि सभी वाहन चालक बाल-बाल बच गए।




यह दुर्घटना वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर स्थित गोपीगंज कोतवाली इलाके में घटी। शनिवार सुबह इलाके में घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई थी। इस कोहरे की वजह से दुर्घटना हुई, जिसमें पहले दो ट्रकों की आपस में टक्कर हुई, उसके बाद कार, मैजिक गाड़ी और अन्य ट्रक खड़े वाहनों से टकरा गए। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात बाधित हो गया। इस हादसे में दो वाहन चालकों को हल्की चोटें आईं, लेकिन कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से सभी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाया, ताकि यातायात फिर से सामान्य हो सके। हादसे के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, लेकिन पुलिस की तत्परता से हालात को सामान्य किया गया।

प्रत्यक्षदर्शी बबलू ने बताया कि एक के बाद एक कर कुल आठ से नौ गाड़ियां आपस में टकरा गईं।



# औद्योगिक विकास को नई उड़ान देंगे प्रदेश के डेढ़ करोड़ युवा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने दिया युवा दिवस पर प्रदेश की जनता के नाम संदेश

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवा दिवस के पर प्रदेश के नाम जारी अपने संदेश में कहा? है कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से प्रदेश के डेढ़ करोड़ युवा विकास को गति प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, देश और दुनिया का सबसे युवा प्रदेश है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि युवा शक्ति मिशन के अंतर्गत प्रदेश के युवा जो आई.टी. एवं अन्य व्यावसायिक योग्यता रखते हैं, उन्हें उनकी क्षमता, योग्यता और दक्षता के आधार पर प्रदेश में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 16 जनवरी को 7 वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होने वाली है। अभी तक 6 इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में चार लाख करोड़ से अधिक का निवेश आने वाला है जिससे तीन लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि



युवा शक्ति मिशन में महिलाओं की भूमिका को भी प्रभावशाली बनाने के लिए विशेष महत्व दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि महिला और पुरूष सभी युवा शक्ति को काम मिले, इसके लिए हम युवा शक्ति मिशन लाँच करने के बाद लाड़ली बहनों के खातों में जनवरी माह की राशि अंतरित की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा 16 जनवरी को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में सभी विभाग रोजगार की संभावनाओं के आधार पर निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपने-अपने विषय-विशेष पर प्रेजेंटेशन देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ते मध्यप्रदेश और आगे बढ़ते देश के साथ हमारी तरुणाई कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ें।

## सौरभ शर्मा के पार्टनर शरद की अग्रिम जमानत याचिका निरस्त



भोपाल (आरएनएस)। परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की कंपनी के डायरेक्टर/पार्टनर शरद जायसवाल की अग्रिम जमानत याचिका शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश (लोकायुक्त संगठन) आरपी मिश्रा की अदालत ने निरस्त कर दिया। आरोपी के अधिवक्ता ने सुनवाई के दौरान कहा कि आरोपी शरद जायसवाल का 2019 में सौरभ शर्मा से परिचय हुआ था। 2022 में सौरभ शर्मा क कहने पर पिता का फ्लैट बेचकर और मां के बचत के रुपयों से अविरल इंटरप्राइजेज की समस्त जानकीर जांच अफसरों का उपलब्ध कराई जा चुकी है। उसका आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। बुलाए जाने पर वह दिसम्बर 2024 के तीसरे सप्ताह में लोकायुक्त कार्यालय जाकर संबंधित अधिकारियों को दस्तावेज एवं जानकारी दे आया है। घुटने के ऑपरेशन क कारण वह चल-फिर नहीं सकता है। इसलिए उसे अग्रिम जमानत याचिका का लाभ दिया जाए। इधर विशेष लोक अभियोजक विवेक गौड़ ने लोकायुक्त संगठन की ओर से पैरवी करत हुए कहा कि सौरभ शर्मा के मकानों की तलाशी के दौरान लोकायुक्त पुलिस को शरद जायसवाल के नाम की 19 संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं। इन संपत्तियों की कीमत 17.×0 करोड़ है। नोअिस देने क बाद भी वह लोकायुक्त पुलिस के सामने उपस्थित नहीं हुआ और विवेचना में भ सहयोग नहीं कर रहा है।




राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल के प्रकाशनों का लोकार्पण किया।

## वेतन नहीं मिला तो टावर पर चढ़ गया युवक, मची अफरा-तफरी



भोपाल,(आरएनएस)। ट्रैफिक के लिहाज से शहर के व्यस्तम क्षेत्र पालीटेक्टिक चौराहा उस पर वक्त अफरातफरी मच गई जब चौराहा पर लगे टावर पर चढ़कर एक युवक कूदने की धमकी देने लगा। वह कुछ ही फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया था। पुलिस ने उससे संवाद स्थापित किया, तो उसने बताया कि वह सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है। उसे समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा। इसलिए वह खुदकुशी करना चहता है। समझाइश देने के साथ ही नगर निगम की रेस्क्यू टीम ने प्लेटफार्म की मदद से उसे सकुशल उतार लिया। यशुवक का ड्रामा लगभग 45 मिनट तक चला। श्यामलाहिल्स थाना प्रभारी घूमेंद्रसिंह ने बताया कि नया बसेरा, कोटरा सुल्तानाबाद निवासी 45 वर्षीय विनोद कुमार तेजी दशहारा मैदान में हाल ही में सम्पन्न हुए मेले में सुरक्षा गार्ड की नोक्री कर रहा था। विनोद का कहना था कि उसे वेतन नहीं दिया जा रहा था। इसलिए वह टावर से कूदकर जान देना चाह रहा था। यह दोपहर ढाई बजे टावर पर चढ़ गया था। संवाद स्थापित करने के साथ ही हवलदार नेपालसिंह ओर सिपाही राजनसिंह उसे उतारने के लिए टावर पर चढ़ गए थे। इस बीच नगर निगम को रेस्क्यू टीम भी पहुंच गई ओर उसे सकुशल नीचे उतार लिया गया। अविवाहित विनोद अपनी मां के साथ रहता है। मेले की सुरक्षा एजेंसी के सुपरवाइजर को भी पुलिस ने थाने बुला लिया था। उसने बताया कि हर माह 12 तारीख को सुरक्षाकर्मियों को वेतन दिया जाता था। विनोद ने गत दिवस फोन लगाया था, लेकिन किसी वजह से फोन पर उसने इस तरह का कदम उठा लिया। समझाइश देने के बाद विनोद को उसके घर भेज दिया गया।

### प्रदेश की पहली माइक्रोबायोलॉजी लैब अधूरी

भोपाल, (आरएनएस)। राजधानी में प्रदेश की पहली और देश की 5वीं माइक्राबायोलॉजी लैब का काम एक साल बाद पूरा नहीं हो सका है इस वजह से दूध, पानी, दही, मांस, पनीर व फल-सब्जियों सहित खाद्य पदार्थों में वायरस, बैक्टीरिया और फंगस की जांच निजी लैब से करवानी पड़ रही है, जहां से जांच रिपोर्ट आने में समय लगता है। यही कारण है कि अधिकांश मामलों में कार्रवाई सुनिश्चित नहीं हो पाती है। बता दें कि बैरसिया की इजगिरी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में मध्याह्न भोजन खाने से सात बच्चे बीमार हो गए थे।, जिसके बाद खाद्य पदार्थ की जांच एक निजी लैब में करवाई गई थी।

### जे.पी. अस्पताल में मरीजों क लिए एमआरआई जांच की सुविधा शुरु

भोपाल (आरएनएस)। जेपी अस्पताल में गत दिवस एमआरआई जांच शुरु हो गई। इसके साथ ही जेपी प्रदेश का पहला जिला अस्पताल बन गया है, जहां एमआरआई की सुविधा है। हाल ांकि इसका ओपचारिक शुभारंभ नहीं हुआ है। जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि एमआरआई मशीन का ट्रायल पूरा हो गया है। कोई भी व्यक्ति एमआरआई कराना चाहता है, तो वह जेपी अस्पताल में यह सुविधा ले सकता है।

### एमवीएम में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन, स्टूडेंट्स ने बनाए मॉडल

भोपाल (आरएनएस)। एमवीएम में इको क्लब एवं रसायन शास्त्र विभाग के तत्वावधान में साइंस एग्जीबीशन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने दो श्रेणियों-साइंस एंड इनोवेशन एवं वेस्ट आउट ऑफवेस्ट थीम पर मॉडल बनाए। इसमें प्रथम स्थान दिया उईके, द्वितीय स्थान रितिका द्विवेदी, अदिति बघेल और तृतीय स्थान शिफा नाज, जोया हसन को मिला। बेस्ट आउट ऑफ वेसअ में प्रथम स्थान आरुषि दुबे, द्वितीय स्थान जोया हसन को मिला।

### चंदनपुरा इलाके में बाघों के मूवमेंट से फैली दहशत, विभाग ने बंद किया रास्ता

भोपाल, (आरएनएस)। चंदनपुरा जागरण लेक सिटी और मदरबुल फार्म इलाके में बाघों की मौजूदगी ने दशहत फैला दी है। बीते 24 घंटों में बाघों ने दो गायों का शिकार किया है। इसके बाद वन विभाग ने एहतियातन चंदनपुरा इलाके की सड़क को बंद कर दिया है, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। गत दिवस सुबह जागरण लेक सिटी के पास सड़क पर अचानक दो बाघों के दिखने से एक एसयूवी चालक घबरा गया ओर गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई।

### महंगी शराब बेचने पर तीन दुकानों के लाइसेंस एक-दो दिन के लिए सस्पेंड

भोपाल, (आरएनएस)। आबकारी विभाग ने एमआरपीर से ज्यादा दरों पर शराब बेचने के मामले में गत दिवस तीन शराब दुकानों पर कार्रवाई की। एक शराब दुकान को दो दिन ओर दो अन्य शराब दुकानों के लाइसेंस एक-एक दिन के लिए सस्पेंड किए गए हैं। इसके अलावा तीनों पर 15-15 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। सहायक आबकारी आयुक्त दीपक रायचुरा के मुताबिक, पटेल नगर की शराब दुकान का लाइसेंस 14 और 15 जनवरी दो दिन के लिए सस्पेंड किया गया है। इसके अलावा अन्ना नगर और नेहरु नगर क्रमांक-दो शराब दुकान को एक-एक दिन (14 जनवरी) के लिए निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले दो माह क दौरान इन दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया था।

# भोपाल मंडल के अशोक नगर, मुंगावली एवं बदरवास स्टेशन पर रेलगाड़ियों के प्रायोगिक हाल्ट

भोपाल (निप्र)। रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 13 रेलगाड़ियों का भोपाल मंडल के अशोक नगर, मुंगावली एवं बदरवास स्टेशनों पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में छः माह के लिए ठहराव प्रदान किया गया है। जिनकी विस्तृत जानकारी इस प्रकार है।

**प्रभावी तिथियों से अशोक नगर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय-सारणी निम्नानुसारः-**

-गाड़ी संख्या 18573 विशाखपट्टणम जंक्शन-भगत की कोठी एक्सप्रेस का दिनाँक 17 जनवरी 2025 से 15 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय भोर 04:28/04:30 बजे रहेगा।

-गाड़ी संख्या 18574 भगत की कोठी-विशाखपट्टणम जंक्शन एक्सप्रेस का दिनाँक 12 जनवरी 2025 से 10 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय सुबह 09:46/09:48 बजे रहेगा।

**प्रभावी तिथियों से मुंगावली स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय-सारणी निम्नानुसारः-**

-गाड़ी संख्या 19053 सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का दिनाँक 10 जनवरी 2025 से 08 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 22:18/22:20 बजे रहेगा।

-गाड़ी संख्या 19054 मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस का दिनाँक 14 जनवरी 2025 से 12 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय मध्य रात्रि




00:25/00:27 बजे रहेगा।

-गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर सिटी-शालीमार एक्सप्रेस का दिनाँक 11 जनवरी 2025 से 09 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय सुबह 10:43/10:45 बजे रहेगा।

-गाड़ी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस का दिनाँक 13 जनवरी 2025 से 11 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय सायं 18:10/18:12 बजे रहेगा।

-गाड़ी संख्या 18207 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस का दिनाँक 14 जनवरी 2025 से 12 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय प्रात: 05:23/05:25 बजे रहेगा।

-गाड़ी संख्या 18208 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस का दिनाँक 15 जनवरी 2025 से 13 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय प्रात: 06:12/06:14 बजे रहेगा।

-गाड़ी संख्या 20482 तिरुच्चिराप्पल्लि जंक्शन-भगत की कोठी हमसफ़र एक्सप्रेस का दिनाँक 12 जनवरी 2025 से 10 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय सायं 16:18/16:20 बजे रहेगा।

**प्रभावी तिथियों से बदरवास स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय-सारणी निम्नानुसारः-**

-गाड़ी संख्या 20961 उधना जंक्शन-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस का दिनाँक 14 जनवरी 2025 से 12 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 21:04/21:06 बजे रहेगा।

-गाड़ी संख्या 20962 बनारस-उधना सुपरफास्ट एक्सप्रेस का दिनाँक 16 जनवरी 2025 से 14 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय सुबह 06:35/06:37 बजे रहेगा।

-गाड़ी संख्या 22193 दौण्ड जंक्शन-ग्वालियर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का दिनाँक 13 जनवरी 2025 से 11 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 21:04/21:06 बजे रहेगा।

-गाड़ी संख्या 22194 ग्वालियर -दौण्ड जंक्शन सुपरफास्ट एक्सप्रेस का दिनाँक 11 जनवरी 2025 से 09 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय रात 19:18/19:20 बजे रहेगा। यात्रीगण कृपया रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

### जन्म से पहले ही लगाया गंभीर बीमारी का पता

भोपाल(आरएनएस)। एम्स भोपाल ने एक बहुत बड़ी कामयाबी हासिल की है। अस्पताल के डॉक्टरों ने एक खास तरह की बीमारी ड्यूचैन मस्कुलर डिस्ट्राफी का पता जन्म से पहले ही लगा लिया है। यह बीमारी मांसपेशियों को कमजोर बना देती है ओर धीरे-धीरे शरीर को लकवाग्रस्त कर देती है। यह बीमारी 'यादातर लड़कों को होती है। अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने कोरेयोनिक विल्लस सैंपलिंग (सीवीएस) प्रक्रिया की मदद से ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्राफी (डीएमडी) नामक एक गंभीर अनुवांशिक बीमारी का पता लगाया है। यह मध्यप्रदेश में इस तरह की पहली सफल प्रक्रिया है। ऐसी किया पता : डॉक्टरों ने गर्भवती महिला के पेट से थोड़ा सा टुकड़ा लेकर जांच की। इस जांच को सीवीएस कहते हैं। इसमें पता चला कि ब'चे को ड्यूचेन मसुलर डिस्ट्राफी होने की आशंका है।

## कार्यकर्ताओं को आंदोलनों में मत उलझाओ : दिग्विजय सिंह



भोपाल(आरएनएस)। संगठन को सशक्त करने और महू में रैली की तैयारियों के लिए बुलाई कांग्रेस की प्रदेश कार्यसमिति में पूर्व मुख्मयंत्री दिग्विजय सिंह ने सुझाव दिया कि सालभर केवल संगठन पर ध्यान दिया जाए। कार्यकर्ताओं को आंदोलन में न उलझाया जाए। हालांकि, उनके इस सुझाव पर प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह ने असहमति जताते हुए कहा कि आवश्यकता अनुसार आंदोलन किए जाएंगे। ब्लाक से लेकर जिला इकाइयों के स्तर पर एक माह में परिवर्तन होंगे। सभी पदाधिकारियों के काम का मूल्यांकन होगा। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि अनुशासन के बिना संगठन नहीं बढ़ सकता है। पार्टी हित को आग रखकर सभी काम करें। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बैठक में कहा कि राजनीति के पांच सूत्र वाक्य संपर्क, संवाद, स्वभाव, समावेश ओर सम्मान हैं। इन्हें सभी को ध्यान में रखना चाहिए। आमजन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए जन अभियान चलाया जाए। मोदी सरकार में अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग को एक भी भर्तियां नहीं हुई हैं। पहले इन वर्गों के अलग से बजट होता था, वह भी समाप्त कर दिया गया है। वहीं, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने प्रभारियों की नियुक्ति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पहले से प्रभारी हैं, उसके बाद भी फिर प्रभारी नियुक्त कर दिए गए। इस पर पटवारी ने कहा कि ऐसा नहीं है। विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी बनाए गए हैं। वे हमारी स्थापित व्यवस्था है। भोपाल मध्य से विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि जिस तरह भाजपा विभिन्न धार्मिक पर्वों पर बढ़-चढ़कर भाग लेती है, वैसा हम क्यों नहीं करते हैं। बार-बार लोगों के बीच जाएंगे तो उनका भरोसा बढ़ेगा। भाजपा हिंदू-मुसलमान करती है। मुसलमानों को लक्ष्य किया जाता है। पार्टी को साथ खड़े होना चाहिए।

### 11वीं के छात्र को टीचर ने बेरहमी से पीटा, पैरो की चमड़ी उधड़ी

**-डीईओ कार्यालय में हुई शिकायत**



भोपाल(ए)। पुराने शहर के तलैया थाना इलाके में स्थित सेंट माइकल स्कूल में एक शिक्षक द्वारा 11वीं के छात्र के साथ बेरहती से मारपीट किये जाने की घटना सामने आई है। अभिभावको का आरोप है कि टीचर ने अपने पैरो में पहने बूट से छात्र को फुटबॉल के किक मारने की तरह से मारा जिससे उसके पैरो की चमड़ी उधड़ गई और खून निकल आया। अभिभावको ने इसकी शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से की है। जानकारी के अनुसार अभिभावकों ने डीईओ को बताया कि पीड़ित छात्र का 9 जनवरी की सुबह साढ़े 8 बजे स्कूल परिसर में एक अन्य छात्र के साथ विवाद हो गया था। इसकी जानकारी मिलने पर स्कूल टीचर अबान को मिली तब उसने छात्र की बेरहती से पिटाई कर दी।

# पमरे ने नौ माह में लगभग 5977 करोड़ रुपये ओरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया

भोपाल (निप्र)। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के द्वारा विभिन्न बैठकों में समय-समय पर पश्चिम मध्य रेलवे की ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू बढ़ाने के निर्देश दिए जाते हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं।

इस वित्तीय वर्ष के अप्रैल से दिसम्बर माह तक पश्चिम मध्य रेल ने लगभग कुल रुपये 5976 करोड़ 65 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। जिसमें मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 1803 करोड़ 93 लाख, माल यातायात से रुपये 3878 करोड़ 40 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 132 करोड़ 17 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 162 करोड 15 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है। अकेले दिसम्बर माह में पश्चिम मध्य रेल ने 707 करोड़ 84 लाख रूपये ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया। जिसमें यात्री यातायात से रुपये 194 करोड़ 72 लाख, माल यातायात से रुपये 489 करोड़ 01 लाख अन्य कोचिंग मद में रुपये 15 करोड़ 12 लाख एवं विविध




आय यानि संड्री से रुपये 8 करोड 99 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

**यात्री यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं:-**

-यात्रियों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित और बेहतर बनाया गया।

-स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा हैं।

-पमरे से चलने वाली स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि को विस्तारित कर चलाया जा रहा हैं।

-यात्री ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।

-पश्चिम मध्य रेल में मिलने वाले प्रायोगिक ठहराव की अवधि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बढ़ाया जा रहा हैं।

-अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान कर यात्री ट्रेनों की गति में वृद्धि की गई साथ ही समयपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**माल यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं:-**

-मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया।

-माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही।

-गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल / साइडिंग को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किये जा रहे है।

-नई रेल लाइन/दोहरीकरण/तिहरीकरण जैसे अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान की जा रही है।

-मालगाड़ियों में ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है।

- गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया है।

# महाकाल लोक के विस्तार के लिए उज्जैन में चल रहा बुलडोजर, 257 मकान तोड़े जाएंगे; तकिया मस्जिद भी टूटेगी






उज्जैन(ए.)। महाकाल लोक विस्तारीकरण को लेकर शहर में सुबह बड़ी कार्रवाई शुरू हुई। जिला प्रशासन ने तकिया मस्जिद और आसपास के क्षेत्र में आने वाले करीब 257 मकानों को हटाना शुरू कर दिया है। अब यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

उज्जैन श्री महाकालेश्वर मंदिर के 500 मीटर क्षेत्र में आने वाले 257 मकानों को हटाने की कार्रवाई शनिवार से शुरू हो गई। आज सुबह 6 जेसीबी, 6 पोकलेन और अतिक्रमण रिमूवल गैंग के कर्मचारियों के साथ पुलिस और प्रशासन की टीम तकिया मस्जिद क्षेत्र में मकानों को तोड़ने के लिए पहुंचे है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसके लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

दरअसल, महाकाल लोक विस्तारीकरण को लेकर शहर में सुबह बड़ी कार्रवाई शुरू हुई। जिला प्रशासन ने तकिया मस्जिद और आसपास के क्षेत्र में आने वाले करीब 257 मकानों को हटाना शुरू कर दिया है। इन्हें हटाने के लिए पहले ही ही मकान मालिकों को नोटिस दिए जा चुके थे। साथ ही, यहां के कई लोगों को मुआवजे की राशि भी दी जा चुकी है। इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को मकान खाली करने के लिए मुनादी भी करवाई जा रही थी, जिसके बाद कार्रवाई की शुरुआत हो गई।

**सात मकानों का मामला कोर्ट में विचाराधीन**

जानकारी के अनुसार तकिया मस्जिद के आसपास के 257 मकानों को हटाया जाना है। इनमें से करीब 7 मकानों का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। ऐसे में प्रशासन इन इन्हें छोड़कर बाकी मकानों का अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहा है।

**66 करोड़ का मुआवजा दिया जाएगा**

तकिया मस्जिद के आसपास रहने वाले लोगों को मकान खाली करने के लिए लगभग 32 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है। बाकी को मुआवजा देने की प्रक्रिया जारी है। शनिवार से शुरू हुई कार्रवाई लगातार चलेगी, जिसमें धीरे-धीरे सारे मकान इस स्थान से हटाए जाएंगे।

## साल खत्म हो रहा था, पुलिस ने नहीं लिखी अपहरण की FIR, 12 दिन से भटक रहा बेटी का पिता, किसे सुनाए दर्द?




टीकमगढ़ (ए.)। टीकमगढ़ जिले के जतारा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले गांव में एक नाबालिग बेटी का दिनदहाड़े एक व्यक्ति ने अपहरण कर लिया। बेटी का पिता पिछले 12 दिनों से जतारा पुलिस थाने के चक्कर लगा रहा है, लेकिन उसकी सुनने वाला कोई नहीं है। शुक्रवार की दोपहर वह टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा, लेकिन चार घंटे इंतजार के बाद भी पुलिस अधीक्षक से मिलने की अनुमति नहीं मिली। अंत में आवक-जावक शाखा में आवेदन देकर गमगीन आंखों के साथ वह अपने घर लौट गया।

दरअसल, टीकमगढ़ जिले के जतारा थाने के अंतर्गत आने वाले एक गांव से 28 दिसंबर को एक नाबालिग बच्ची का अपहरण छतरपुर जिले के अलीपुर थाने के धरमपुर गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने किया। पीड़ित ने बताया कि जब वह अपने खेत पर गया था, उसी समय धरमपुर का रहने वाला एक व्यक्ति बाइक से आया और उसकी नाबालिग बेटी को जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गया। उसने इसकी सूचना तुरंत जतारा पुलिस थाने को दी। पुलिस ने कहा कि दो दिन बाद आना, नए वर्ष में तुम्हारा मामला दर्ज करेंगे, अगर हम 28 दिसंबर को मामला दर्ज करते हैं तो यह पेंडिंग में चला जाएगा। दो दिन बाद भी जब पीड़ित गया तो पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया।

## शहडोल में पांच साल की दो सहेलियों की मौत, खेल-खेल में नाले में पास पहुंचकर नहाने लगीं, उसी में डूबीं

शहडोल(ए.)। शहडोल जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र में नाले में नहा रही दो मासूम बालिकाओं की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पड़ताल शुरू की। इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में शोक की लहर छा गई है। दोनों बालिकाएं एक ही मोहल्ले की रहने वाली थीं।

जानकारी के अनुसार, गोहपारू थाना क्षेत्र के भूरसी गांव के मझौली टोला में स्थित एक छोटे नाले में नहाने गईं दो सहेलियों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतिकाओं में रागिनी सिंह पिता शिव कुमार सिंह और भामनी सिंह पिता राम प्रसाद सिंह, दोनों की उम्र 5 साल शामिल हैं। परिजनों ने पुलिस को बताया कि दोनों सहेलियां खेलते-खेलते पास के नाले में नहाने चली गईं, जहां वे डूब गईं।

## नाबालिगों को बना दिया था टीआई ने सट्टे का आरोपी, ली थी परिजनों से रिश्वत, अब हुआ डिमोशन




इंदौर (ए.)। इंदौर के विजय नगर क्षेत्र में टीआई रहते है स्कूली बच्चों को आनलाइन सट्टे में फंसाने वाले थाना प्रभारी का पुलिस आयुक्त संतोष सिंह ने डिमोशन किया है। विजय नगर थाने के प्रभारी रहे रवींद्र गुर्जर को निरीक्षक बनाया गया है।

इसके अलावा ब्लैकमेलिंग में शामिल एक एसआई और आरक्षक की वेतनवृद्धि भी रोकी है। मामला पिछले साल का है। विजय नगर थाना क्षेत्र में एसआई संजय धुर्वे ने आनलाइन सट्टा खेलने का आरोप लगाकर कुछ स्कूली बच्चों को पकड़ा था। बच्चे मेघदूत उपवन के बाहर मिले थे। इसके बाद एक बच्चे के परिजन के रिश्तेदारों से दस हजार की रिश्वत भी ली गई थी। इसकी शिकायत पुलिस अफसरों को मिली थी। तब इसकी जांच शुरू हुई थी। जांच में यह भी पाया गया कि अवैध वसूली में थाना प्रभारी रवींद्र गुर्जर भी शामिल है।

इसकी जांच के बाद रिपोर्ट पुलिस आयुक्त को सौंप दी गई थी। तब तत्कालीन पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर का तबादला होने के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया था, लेकिन अब फिर पुराने केस की फाइल खुली तो दोषी पाए गए तत्कालीन टीआई गुर्जर को एसआई बना दिया गया। तीन वर्ष तक एसआई रहेंगे। इसके अलावा एसआई संजय धुर्वे व सिपाही लोकेंद्र सिंह की एक वेतनवृद्धि रोकी है।

## 'पत्नी के साथ पति का अप्राकृतिक यौन संबंध बनना अपराध नहीं', कोर्ट का बड़ा फैसला



ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर की विशेष कोर्ट ने पति द्वारा पत्नी के साथ धारा-377 यानी अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि पति का पत्नी के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाना अपराध नहीं है।

कोर्ट ने अपने आदेश में मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार मामले में हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश का हवाला भी दिया। आदेश में कोर्ट ने अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोप से विशेष न्यायाधीश विवेक कुमार ने पति पवन मौर्य को क्लीन चिट दी। इस प्रकरण की जानकारी देते हुए अजय द्विवेदी एडवोकेट ने बताया कि आरोपी पवन का विवाह 30 नवंबर 2020 को हुआ था। लेकिन चार साल बाद पवन के खिलाफ उसकी पत्नी ने 25 फरवरी 2024 को महिला थाना पड़ाव में एफआईआर दर्ज कराई। इसमें उसने आरोप लगाया कि उसका पति शराब पीकर अप्राकृतिक कृत्य करता है। मारपीट करता है और दहेज लाने की मांग करता है। दहेज देने से इनकार करने पर पति मारपीट करता है। स्पेशल ट्रायल कोर्ट में पति के खिलाफ अप्राकृतिक यौन संबंध कायम करने की धारा-377 के साथ ही दहेज प्रताड़ना अधिनियम, घरेलू हिंसा और मारपीट सहित अन्य धाराओं में दर्ज प्रकरण पर सुनवाई हुई। इस मामले में दोनों पक्ष के अभिभाषकों द्वारा पेश किए गए तर्कों पर विचार करने के बाद स्पेशल न्यायालय ने आरोपी पवन के विरुद्ध अप्राकृतिक यौन संबंध स्थापित करने के लिए दर्ज धारा-377 के आरोप से पति को क्लीन चिट दे दी। न्यायालय ने मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के प्रकरण में हाईकोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा, पुरुष का पत्नी के साथ यौन क्रिया बलात्कार नहीं है। यदि धारा-377 के तहत परिभाषित अप्राकृतिक यौन संबंध पति द्वारा पत्नी के साथ किया जाता है, तो इसे भी अपराध नहीं माना जा सकता। हालांकि, पत्नी द्वारा पति के खिलाफ अन्य धाराओं में दर्ज प्रकरण की ट्रायल (मजिस्ट्रेट) जारी रहेगी।

## एक साथ पानी पीते नजर आए तीन बाघ, पर्यटकों ने कैमरे में कैद किया नजारा

पन्ना(ए.)। पन्ना टाइगर रिजर्व इन दिनों टाइगर्स के अलग-अलग रोमांचक नजारों का केंद्र बना हुआ है। जहां यह टाइगर अपने जीवन की अलग-अलग गतिविधियों को अंजाम देते नजर आते हैं, जिन्हें अक्सर पर्यटक अपने कैमरों में कैद कर लेते हैं। पन्ना टाइगर रिजर्व में वन्य जीवों सहित टाइगर्स की संख्या में भारी इजाफा हो रहा है। यह वन्यजीवों के आसानी से दीदार हो जाने के लिए जाना जाता है, जिससे यह पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है और यही कारण है कि यहां आने वाले पर्यटकों को बाघों के रोमांचित करने वाले नजारे आए दिन देखने को मिल रहे हैं। पानी पीते दिखे टाइगर ताजा मामला PTR से निकलकर आया है, जहां एक साथ तीन नर टाइगर (खेरइया नाला) नाले में पानी पीते दिखे।

# भितरवार तहसीलदार पर यौन शोषण का आरोप, पीड़िता बोली- पत्नी बनाकर 17 साल बनाए संबंध



ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर जिले की भितरवार तहसील में पदस्थ तहसीलदार शत्रुघ्न सिंह चौहान पर एक बार फिर यौन शोषण का आरोप लगा है। यहां एक महिला द्वारा कलेक्टर एसपी और महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है कि तहसीलदार ने शादी का वादा कर 17 साल तक इस शारीरिक संबंध बनाए रखें।

बता दें कि दतिया जिले में स्थित रतनगढ़ माता मंदिर में ले जाकर उसकी मांग सिंदूर से भरी और उसे अपनी पत्नी मानने लगा। पीड़िता के द्वारा यह भी आरोप लगाया गया। इस दौरान अन्य युवकों को भी घर में लाकर उसके साथ दुष्कर्म कराया गया। महिला का कहना है, आरोपी शत्रुघ्न से ही उसका एक 11 साल का बेटा भी है।

महिला के आरोप के बाद अचानक शत्रुघ्न सिंह चौहान को भितरवार तहसीलदार पद से हटकर कार्यालय भू-राजस्व ग्वालियर में पदस्थ किया गया है। हालांकि, जब जिला कलेक्टर से इस संबंध बात करना चाहा तो उनका कहना था कि कुछ ट्रेनिंग के उद्देश्य उनको यहां भेजा गया है। महिला के आरोप पर शत्रुघ्न सिंह चौहान का कहना है कि वह महिला उसको हनीट्रैप कर ब्लैकमेल कर रही है, उनसे रुपये की डिमांड कर रही है, जिसकी शिकायत वह थाने में कर चुके हैं।

पीड़िता वर्तमान में ग्वालियर स्थित थाटीपुर में निवास करती है। महिला ने बताया कि वह भिंड की रहने वाली है। वर्ष 2006 में उसकी शादी हुई थी, दो साल बाद उसके पति का देहांत हो गया। साल 2008 में शत्रुघ्न सिंह चौहान का उसके जेठ के पास आना जाना था। महिला का यह भी कहना है कि जब वह तहसीलदार नहीं थे और उसका रेत का धंधा था। उसके बाद उन्होंने मेरे जेठ को धंधे का फायदा पहुंचाकर मेरा भरोसा हासिल कर लिया। अपने शादीशुदा होने की बात छुपाकर मुझसे शादी का वादा कर शारीरिक संबंध स्थापित किए।

जब साल 2008 में नायब तहसीलदार बन गए। इसके बाद भी लगातार मेरा शोषण करते रहे। साल 2010 में रतनगढ़ माता मंदिर पर मांग में सिंदूर भरकर मुझसे शादी की। इसके बाद उनकी जहां-जहां पोस्टिंग हुई। उन्होंने वहां अपने साथ रखा और अवैध संबंध बनाए। मेरा सारा खर्चा भी वही उठाते थे ।जब मैं गर्भवती हुई तो जबरन मेरा गर्भपात कराया गया। वर्ष 2013 में उनसे मुझे एक बेटे का जन्म हुआ, जिसका डीएनए टेस्ट कभी भी करा सकते हैं। इसी दौरान उन्होंने अपने एक दोस्त से मेरे साथ जबरदस्ती संबंध बनवाए।

# अकेले पड़े जीतू यादव, खुद इस्तीफा नहीं देते तो पार्टी कर देती निलंबित



इंदौर(ए.)। पार्षद कालरा के घर हमले और उनके नाबालिग बेटे के साथ की गई हरकत के कारण एमआईसी मेंबर जीतू यादव की राजनीतिक भविष्य खतरे में पड़ गया है। अनुशासन समिति ने इस मामले को गंभीरता से लिया है।

संगठन यादव के खिलाफ एक्शन लेता, उससे पहले उन्होंने ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और एमआईसी मेंबर पद से इस्तीफा दे दिया। इसके अलावा जीतू के पास कोई चारा भी नहीं था,क्योकि संगठन की तरफ से भी जीतू के खिलाफ कार्रवाईकी तैयारी हो चुकी थी।

पार्षद कालरा के घर हुए विवाद के बाद जीतू यादव को उनके राजनीतिक आका ही मदद के लिए तैयार नहीं थे, क्योकि घर में घुसकर नाबालिग बच्चे के साथ की गई हरकत से वे खुश नहीं थे और पूरे मामले में चुप्पी साध रखी थी। मामला ज्यादा तूल नहीं पकड़ता, लेकिन यादव खेमे की तरफ से ही इस मामले को हवा दी गई। नाबालिग बच्चे के साथ की गई हरकत की वीडियो उनके समर्थकों ने ही वायरल की।

जब मालिनी गौड़ ने कालरा के परिजनों को मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलवाया तो दूसरे दिन यादव भी अपने समर्थकों के साथ इंदौर यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे और उसके वीडियो भी अपने पक्ष में सोशल मीडिया पर खूब वायरल कराए।

इसके बाद कालरा खेमे की तरफ से भी कॉल रिकार्डिंग वायरल करना शुरू हो गई और मामला भोपाल तक पहुंच गया। बताते है कि नाबालिग बच्चे को नग्न करने के मामले में पीएमओ कार्यालय से भी रिपोर्ट मंगाई गई थी। इसके बाद मामला और गंभीर होता गया। अतत॰ यादव को इस्तीफा देना पड़ा।

## व्यापार समाचार

# किसानों को बजट में बड़ी राहत देने की तैयारी में सरकार, क्रेडिट कार्ड पर ? 5 लाख के उधार की उम्मीद




नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार 1 फरवरी को केंद्रीय बजट 2025-26 संसद में पेश करने की तैयारी कर रही है। इस बजट में सरकार किसानों के लिए बड़ी राहत लेकर आ सकती है। सरकार आगामी बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए तक करने की योजना बना रही है। जानकारों का कहना है कि, किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट में आखिरी बार बदलाव काफी समय पहले हुआ था। इसके बाद से ही सरकार को इसे बढ़ाने की लगातार मांगें मिल रही थी।

**1988 में हुई थी किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत**

दरअसल, किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत 1998 में की गई थी। इसके तहत खेती और उससे जुड़ी गतिविधियों में लगे किसानों को 9 फीसदी ब्याज दर पर अल्पकालीन फसल ऋण दिया जाता है। सरकार किसानों को ब्याज पर 2 फीसदी छूट देती है और समय से अदायगी करने वाले किसानों के ब्याज में बतौर प्रोत्साहन 3 फीसदी कमी और कर दी जाती है। इस तरह किसानों को सालाना 4 फीसदी दर पर कर्ज मिल जाता है। इस योजना के तहत सक्रिय क्रेडिट कार्ड खातों की संख्या 30 जून, 2023 तक 7.4 करोड़ से अधिक थी और उन पर 8.9 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बकाया था।

**कई साल से नहीं बढ़ी केसीसी पर उधारी की सीमा**

कृषि क्षेत्र से जुड़े जानकारों का कहना है कि,इन दिनों खेती की लागत बहुत बढ़ी है मगर किसान क्रेडिट कार्ड पर उधारी की सीमा कई साल से बढ़ाई नहीं गई। अगर सरकार ये दायरा में इजाफा करती है तो कृषि क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कृषि आय बढ़ाने में मदद भी होगी। सरकार के इस कदम से किसानों की जीवनशैली में ही सुधार नहीं होगा, बल्कि बैंकिंग प्रणाली का जोखिम भी घटेगा क्योंकि किसान समय पर कर्ज चुका देंगे। क्योंकि किसान क्रेडिट कार्ड का उद्देश्य बड़ी जमीन वाले किसानों को ही नहीं बल्कि छोटी जोत वाले किसानों और पशुपालन एवं मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों में लगे लोगों को भी अपने दायरे में लाना है।

# भारतीय शेयर बाजार में दो सप्ताह की तेजी का सिलसिला टूटा

**- सेंसेक्स 241 अंक टूटकर 77,378 पर बंद**
**- निफ्टी 87 फिसलकर 23,438 पर बंद हुआ**



मुंबई (ए.)। बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में दो सप्ताह की तेजी का सिलसिला टूट गया। आईटी को छोड़कर सभी में बिकवाली, एफआईआई की लगातार बिकवाली, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की आगामी ब्याज दर योजना को लेकर अनिश्चितता और डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट की वजह से मिलेजुले वैश्विक बाजार के बीच पिछले दो महिने में सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार की शुरुआत सकारात्मक रुख के साथ हुई। बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 272.45 अंक की बढ़त के साथ 79,495.56 पर खुला और 1258 अंक गिरकर 77,964 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी ने भी सकारात्मक शुरुआत की और 27.60 अंक की बढ़त के साथ 24,032.35 पर खुला और 388 अंक गिरकर 23,616 पर बंद हुआ। रोबारी सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। सेंसेक्स खुलने के कुछ ही मिनट में 400 अंक से अधिक की तेजी के साथ 78,000 के स्तर को पार कर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 422.62 अंक उछलकर 78,387.61 पर खुला और 234.12 अंकों की बढ़त के साथ 78,199.11 के स्तर पर बंद हुआ।

## बैंकों के पास तरलता की दिक्कत से कर्ज पर ऊंची रह सकती ब्याज दरें, बैंकरों ने CRR में कटौती का सुझाव दिया




नई दिल्ली (ए.)। बैंकों के पास तरलता की दिक्कत लगातार बढ़ रही है। ऐसे में कुछ बाजार सहभागियों ने आरबीआई से प्रणाली में तरलता बढ़ाने की मांग की है, ताकि बैंक आसानी से उधार दे सकें। सहभागियों के समूह ने बृहस्पतिवार देर रात केंद्रीय बैंक के अधिकारियों से मिलकर इससे निपटने के उपाय भी सुझाए। बैंकिंग प्रणाली में तरलता की दिक्कत बरकरार रहती है तो उधार पर ब्याज दरें ऊंची रहने की संभावना है। इससे कर्ज देने की रफ्तार प्रभावित हो सकती है, खासकर जब देश की आर्थिक वृद्धि धीमी हो रही है।

सूत्रों के मुताबिक, कुछ बैंकरों ने बैंकों के लिए नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में अस्थायी कटौती का भी सुझाव दिया। इससे बैंकों के पास नगदी बढ़ जाएगी। सीआरआर वह हिस्सा होता है, जो बैंक आरबीआई के पास रखते हैं। दिसंबर के मध्य से बैंकिंग प्रणाली की तरलता लगातार गिर रही है।

पिछले पांच हफ्तों में दैनिक औसत कमी लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये रही है। बैंकरों ने बताया कि आरबीआई से जो पैसे वे ले रहे हैं, उसकी एक रात की दर उनकी न्यूनतम सीमांत स्थायी सुविधा दर से भी ऊपर बनी हुई है। इसका अर्थ है कि बैंक आरबीआई से उच्च ब्याज दरों पर उधार ले रहे हैं।

# ऐपल ने 185 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का ऐलान किया



**- 80जी जैसे फ्रॉड में शामिल हैं कई भारतीय**

नई दिल्ली (ए.)। ऐपल ने करीब 185 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का ऐलान किया है। यह कदम कंपनी के मैचिंग ग्रांट्स प्रोग्राम में हुई धोखाधड़ी के बाद उठाया गया है। कर्मचारियों में कई भारतीय भी शामिल हैं, जिन्होंने तेलुगु चैरिटी संगठनों के माध्यम से इस घोटाले का सामना किया। इस मामले में ऐपल के इस धर्मार्थ संसार में आयकर छूट का किया गया दुरुपयोग भारत में होने वाले 80जी घोटाले की याद दिलाता है। आयकर अधिनियम 1961 के अंतर्गत करदाताओं को धर्मार्थ संस्थानों के लिए धन दान करने पर टैक्स छूट की अनुमति है, जिसका दुरुपयोग कई कर्मचारी कर रहे होंगे। अमेरिका में ऐपल को तीन साल में लगभग 1.52 लाख डॉलर का नुकसान हुआ है। छह लोगों पर आरोप लगाए गए हैं, जिनमें कवान नामक व्यक्ति को मुख्य आरोपी बताया गया है। उन्होंने होप4 ?किडस और एसीआईसीई के साथ जुड़कर कर्मचारियों को धोखा दिया। ऐपल ने इस मामले पर आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन उसके सामने सीएसआर प्रोग्राम्स में और सख्त निगरानी की मांग है। घटना ने समाज में उठाए जा रहे सरकारी संबंधों पर सवालों को उठाया है और इससे कर्मचारियों के लिए मामले की सार्वजनिक होने की अधिक आवश्यकता है।

## लोकप्रिय हो रही टीवीएस की नई बाइक अपाचे आरटीआर 310

नई दिल्ली (ए.)। टीवीएस की नई बाइक अपाचे आरटीआर 310 ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन बाइक साबित हो रही है। टीवीएस मोटर कंपनी ने इस बाइक को नए फ्रेम पर डेवलप किया है, जिसमें 312 सीसी का पावरफुल इंजन दिया गया है।

इस बाइक का नया स्टाइलिश लुक और बेहतरीन फीचर्स युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। यह लिक्विड कूल्ड सिंगल सिलेंडर इंजन 35.6 एचपी की पावर और 28.7एनएम का टॉर्क जनरेट करता है, जिससे बाइक को तेज गति से चलाना और ज्यादा रोमांचक बनाता है।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

### लोगों का प्रति महीने उपभोग खर्च बढ़ा

बढ़े उपभोग खर्च में महंगाई की भी एक भूमिका है। सरकार की ओर से मासिक उपभोग खर्च के बारे में जारी आंकड़ों से आंकना कठिन है कि कितना उपभोग बढ़ा और कितनी वृद्धि उपभोग की चीजों की महंगाई के कारण हुई।मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग सर्वेक्षण (एमपीसीई) रिपोर्ट तो कुछ पहले आई थी, लेकिन अब केंद्र ने इसकी एक तथ्य तालिका जारी की है।इसमें भी वही दिखाने की कोशिश है कि अगस्त 2023 से सितंबर 2024 की अवधि में उसके पहले वाले वर्ष की तुलना में लोगों का प्रति महीने उपभोग खर्च बढ़ा। स्पष्टत: सरकार इसे शहर से गांवों तक में आय और खुशहाली बढने् के प्रमाण के रूप में पेश किया है। मगर जो सवाल सर्वे रिपोर्ट जारी होने के समय उठे, उनका कोई जवाब नहीं दिया गया है।

विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि सबसे ज्यादा खर्च खाद्य पदार्थों पर बढ़ा। जिस अवधि में यह सर्वे हुआ, उसमें खाद्य मुद्रास्फीति की दर ऊंची रही।फिर पुराने सर्वेक्षणों की तुलना में सर्वे विधि में जो परिवर्तन किए गए, उन्हें ध्यान में रखते हुए यह आंकना और मुश्किल हो गया है कि लोगों के उपभोग पैटर्न में सचमुच कितना बदलाव आया।खुद ताजा रिपोर्ट से ही जाहिर हुआ कि टॉप 10 प्रतिशत आबादी के उपभोग में पर्याप्त वृद्धि हुई, जबकि सबसे निचली पांच फीसदी आबादी के वास्तविक खर्च में बढ़ोतरी मद्धम रही।निचली आर्थिक श्रेणी की आबादी में जो वृद्धि दिखती है, उसमें बड़ा योगदान सरकार की तरफ से दिए जा रहे पांच किलो अनाज और प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण योजनाओं का है।जाहिर है, इसे कमाई से होने वाली आमदनी की स्थिति में सुधार नहीं कहा जा सकता। एक अन्य तथ्य यह सामने आया है कि ग्रामीण इलाकों में जो उपभोग खर्च बढ़ा, खाद्य के अलावा उसका सबसे बड़ा हिस्सा इलाज, परिवहन, वस्त्र और जूते-चप्पल के हिस्से में गया।इन चीजों की लागत में भी महंगाई की एक भूमिका है। इसलिए आंकना कठिन है कि कितना उपभोग बढ़ा और कितनी वृद्धि पहले जितनी चीजों की महंगाई के कारण हुई। ये सारे उल्लेख सरकार की नकारात्मक छवि बनाने के लिए नहीं किए जा रहे हैं। मगर अपने आंकड़ों को लेकर विश्वास का संकट खुद सरकार ने खड़ा किया है। वह सभी दायरों के विशेषज्ञों को लेकर संवाद और विश्लेषण के लिए तैयार हो, तो अविश्वास का हल निकल सकता है। क्या सरकार ऐसा करेगी?



*झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सुप्रीमो और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक कल्पना मुर्मू ने झारखंड के रांची में उनसे आशीर्वाद लिया।*

# स्वामी विवेकानंद: युवाओं के प्रेरणास्त्रोत

**योगेश कुमार गोयल**



**(राष्ट्रीय युवा दिवस / स्वामी विवेकानंद जयंती (12 जनवरी) पर विशेष)**

वर्तमान परिवेश में समाज में चारों तरफ अपराधों तथा भ्रष्टाचार का जो मकड़जाल फैल चुका है, वह घुन बनकर न सिर्फ देश को अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है बल्कि युवा वर्ग भी भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के इस दूषित माहौल में हताश व निराश है। ऐसे में युवा वर्ग सही मार्ग से न भटके, इसके लिए युवा शक्ति को जागृत कर उसे देश के प्रति कर्त्तव्यों का बोध कराते हुए सही दिशा में प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना और उचित मार्गदर्शन बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगिकता बहुत बढ़ जाती है, जो प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को मनाया जाता है। हमें भूलना नहीं चाहिए कि देश की आजादी की लड़ाई में अपना सब कुछ बलिदान कर लोगों में क्रांति का बीजारोपण करने वाले अधिकांश युवा ही थे। स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव, राजगुरू इत्यादि देश के अनेक युवाओं ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने निजी जीवन के समस्त सुखों का त्याग कर दिया था और अपना समस्त जीवन देश के लिए न्यौछावर कर दिया था लेकिन आधुनिक युग में हम स्वार्थी बनकर ऐसे क्रांतिकारी युवाओं की जीवन गाथाओं को भूल रहे हैं और हम सब धीरे-धीरे भ्रष्ट तंत्र का हिस्सा बन रहे हैं। ऐसे ही क्रांतिकारी युवा महापुरूषों की जीवन गाथाओं के जरिये देश की युवा पीढ़ी को समाज में व्याप्त गंदगी से बचाकर देश के विकास में उसका सदुपयोग किया जा सके, इसी उद्देश्य से आधुनिक भारत के महान चिंतक, दार्शनिक, समाज सुधारक, युवा सन्यासी स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को ही प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जो बहुत कम आयु में अपने विचारों के चलते समस्त जगत में अपनी एक विशेष पहचान बनाने में सफल हुए थे।

स्वामी विवेकानंद के वक्तव्यों का आम जनमानस और खासकर युवाओं के मनोमस्तिष्क पर कितना प्रभाव पड़ता था, इसका उनके शिकागो भाषण से बेहतर उदाहरण नहीं मिल सकता। 11 सितम्बर 1893 को जब शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की थी तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही थी। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया था। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए।

स्वामी विवेकानंद सही मायनों में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और आदर्श व्यक्ति्व के धनी थे, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। विवेकानंद सदैव कहा करते थे कि उनकी आशाएं देश के युवा वर्ग पर ही टिकी हुई हैं। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में स्वामी जी अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। उन्होंने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए उन्होंने अनेक मूलमंत्र दिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं और 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय हैं)

# 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन पर पहुंचने का लक्ष्य

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली

वर्ष 2015 का पेरिस जलवायु समझौता धरा के तापमान को औद्योगिक चरण के आने के पहले के स्तर से 2030 तक 2 डिग्री सेल्सियस कम करने के लिए हुआ था। चूंकि पृथ्वी की गर्मी बढ़ाते कुल गैसीय उत्सर्जनों में कार्बन डाई ऑक्साइड लगभग 70 प्रतिशत है।

अत: ग्लोबल वार्मिग को 15 डिग्री से ग्रे तक सीमित रखने के लिए 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन पर पहुंचने का लक्ष्य भी वैश्विक स्तर पर अपना लिया गया है, परंतु विडंबना है, और कटु यथार्थ भी कि इसे पाने के औजार के रूप में एक ट्रेडिंग गतिविधि को महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।

इसी क्रम में 10-24 नवम्बर के बीच बाकू में कार्बन बाजार पर अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित करना बड़ी उपलब्धि माना गया है। कॉप-29 को तो वित्तीय कॉप भी कहा गया था और कार्बन ट्रेडिंग भी वित्तीय गतिविधि ही है। वायुमंडल में मौजूद कार्बन उत्सर्जनों को हटाने और नये कार्बन उत्सर्जनों को न पहुंचने देना प्रोत्साहित हो इसके लिए 2015 में पेरिस समझौते में स्पष्ट कर दिया गया था कि कार्बन को देशों या संस्थाओं के बीच खरीदा-बेचा जा सकता है। इस लेन-देन को कार्बन क्रेडिट के रूप में परिभाषित कर हस्तांतरणीय दस्तावेज बना कर स्थापित किया गया है। यूनाइटेड नेशंस के क्योटो प्रोटोकोल (1997) और फिर 2005 में कार्बन को खरीदने-बेचने या व्यापार की जा सकने योग्य सामग्री पहले ही करार दिया जा चुका था किंतु पेरिस समझौते के अंतर्गत जो एक नया ज्यादा सुदृढ़ कार्बन ट्रेडिंग फ्रेमवर्क बनाए जाने की आवश्यकता थी, वह शुरुआती हस्ताक्षर के बाद कॉप-29 में हो सका।

निस्संदेह इस अधूरे कार्य के रहते भी देशों के भीतर और देशों के बाहर कार्बन ट्रेडिंग हो रही थी किंतु एकरूप मानक न होने तथा पारदर्शिता के अभाव से अनेकों झूठे कार्बन क्रेडिटों का विश्व स्तर पर लेन-देन भी हो रहा था। ऐसे में लाखों और अरबों डॉलर के भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी भी हुई। स्वैच्छिक कार्बन बाजार में सबसे ज्यादा कार्बन क्रेडिट वो हैं जो अवनत वनों के कार्बन अवशोषक के रूप में सुधार, पुर्नस्थापना के लिए दिए जाते हैं। किंतु ये सबसे ज्यादा विवादों में भी रहते हैं। वन स्थितियों की बेसलाइन में छेड़छाड़ से ज्यादा कार्बन ऑफसेट दिखाया जा सकता है। जितना कार्बन हटाने का क्रेडिट लिया था उतना कार्बन डाइअक्साइड तो उससे हटा ही नहीं था। कॉप-29 के पहले नेचर' पत्रिका में ऐसी परियोजनाओं का अध्ययन प्रकाशित हुआ था, जिन्होंने करीब एक अरब टन कार्बन डाई ऑक्साइड के समतुल्य का कार्बन क्रेडिट कमाया था। उसमें से 15 प्रतिशत कार्बन ही कम किया था। अब खराब और अच्छे गुणवत्ता में कार्बन क्रेडिटों का वर्गीकरण या पहचान भी की जा रही है। कार्बन ट्रेडिंग में कार्बन क्रेडिटों के लेन-देन का व्यापार होता है। कार्बन क्रेडिट की एक इकाई एक मीट्रिक टन कार्बन डाइआक्साइड या उसके समतुल्य अन्य ग्रीन हाऊस गैसों को वायुमंडल से हटाने या उनको वायुमंडल में पहुंचने से रोकने पर दी जाती है। कार्बन ऑफसेट में कार्बन डाइआक्साइड या ग्रीन हाऊस गैसों को हटाया या पुनचर्क्रित किया जाता है। जो उद्यम अथवा प्रतिष्ठान उपकरणों, पद्धतियों या टैक्नोलॉजी के बदलावों से अपने कार्बन उत्सर्जन पहले की अपेक्षा कम कर देते हैं तो वे भी कार्बन क्रेडिट्स पाने के हकदार हो जाते हैं। अभी वैश्विक स्तर पर करीब दो अरब डॉलर का स्वैच्छिक कार्बन मार्केट है। यह एक खरब डॉलर तक भी पहुंच सकता है।

कार्बन क्रेडिटों का उपयोग ही उन्हें यूरोपीय संघ में निर्यात जारी रखने का पात्र बनाएगा क्योंकि यूरोपीय संघ उन उत्पादों के आयात पर भी कार्बन टैक्स लगाने का मंतव्य जतला चुका है, जो उसके अपने मानकों से ज्यादा कार्बन उत्सर्जन से उत्पादित हुए हैं। देशों में पेट्रोल, कोयले जैसे जीवाश्म ईधनों के उत्पादन बढ़ ही रहे हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घोषित कार्बन उत्सर्जन कटौती प्रतिबद्धता लक्ष्यों को उनके खरीदे कार्बन क्रेड्ट्सों के मुआवजे से ही पूरा करने की जरूरत होगी।

चिंताजनक है कि अधिकांश देश या उद्यम दुनिया के लक्ष्यों के अनुसार अगले दो-तीन दशकों के भीतर ही कार्बन न्यूट्रल तो होना चाहते हैं किंतु इसे कोयला, पेट्रोल जैसे जीवाश्म ईधनों के उपयोगों और उत्पादनों को छोड़ते हुए नहीं करना चाहते, बल्कि इसे अन्यत्र किसी को मिली कार्बन क्रेडिट खरीद कर अपने ज्यादा कार्बन उत्सर्जन की एवज में देकर पूरा करना चाहते हैं। जो प्रतिष्ठान अपने खाते में स्वयं अर्जित या किसी से खरीद कर कार्बन क्रेडिट जोड़ लेते हैं तो उससे वे अपनी कार्यवाहियों के कार्बन फुटप्रिंट कम कर सकते हैं। प्रति इकाई कार्बन क्रेडिटों के बाजार भाव में मांग के अनुसार उतार-चढ़ाव आता रहता है। जब दाम बहुत नीचे गिर जाएंगे तब तो प्रदूषण जारी रखना भी लाभ का सौदा ही रहेगा।

तो फिर धनी लोग किसी गरीब देश से जंगल उगवा कर और उससे कार्बन ऑफसेट हासिल कर अपने घातक धरा को गरम करते गैसीय प्रदूषणों को जारी रखेगा। इसके लिए खेती की जमीनों के उपयोग की भी आशंका है। ऐसे में गरीब देशों में खाद्य संकट भी गहरा सकता है।

कार्बन क्रेडिट विक्रेता के कंधे पर चढ़ कर कुछ कार्बन उत्सर्जन पैदा करतीं नामी-गिरामी कंपनियां अपने को नेट जीरो कार्बन और नेगेटिव कार्बन उत्पादक घोषित कर अपनी छवि भी सुधार रही हैं। इसे ग्रीनवॉशिंग भी माना जा सकता है। समझ लीजिए, किराये की कोख से संतान पैदा करवा रही हैं किंतु किसी भी उद्योग द्वारा दूरस्थ कहीं के कार्बन क्रेडिट खरीद कर स्थानीय स्तर पर उत्सर्जन छोड़ते ढें पर काम बदस्तूर जारी रखा जाए यह तो यह न्यायिक नहीं है। स्थानीय कार्बन प्रदूषण पर कटौती करना जनस्वास्थ्य पर होने वाले कुप्रभाव कम करने के लिए आवश्यक है ही। कार्बन क्रेडिट के संदर्भ में मुख्य बात यह है कि अब इसके बड़े-बड़े खरीददार इसका मूल्य भी लगा रहे हैं। अत- कार्बन क्रेडिट अर्जित करना पर्यावरण सुधार के साथ आय का जरिया भी हो सकता है।

## आज का राशिफल



मेष राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी काम के बारे में नए सिरे से सोच सकते हैं। मार्केट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें। इससे आपको फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लंबे समय के बाद खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। दूसरों का सहयोग करने पर आज सबके बीच आपकी छवि अच्छी बनी रहेगी।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम या मीटिंग की वजह से आपको ऑउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। ऑफिस में आपको पहले की अपेक्षा ज्यादा काम मिल सकता है, लेकिन आप समय रहते सब कुछ अच्छे से निपटा लेंगे। इस राशि के जो लोग स्टेशनरी का बिजनेस करते हैं, उनके लिए दिन ज्यादा लाभकारी रहेगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। जो छात्र कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उनको आज अच्छी खबर मिल सकती है। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें। ऑफिस में आपको किसी बड़े आधिकारी या सहकर्मी का सहयोग मिल सकता है। आज बैंकों से जुड़े कामों का निपटारा करने के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सब लोगों का सहयोग मिलेगा।

कर्क राशि : आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते कुछ काम पूरे होने से रह सकते है। इसलिए आज जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरूर ले लें। आपके दिमाग में खुद-ब-खुद नए-नए आइडिया आते रहेंगे।

सिंह राशि : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के जो छात्र विदेश में हॉयर एजुकेशन के लिए जाना चाहते हैं, वे किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें। बदलते मौसम में आपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरुरत है। व्यापार में आज अचानक आय के नए स्त्रोत मिलेंगे।

कन्या राशि : आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम जरूर सफल होंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिए वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है।

तुला राशि : आज आपका दिन ठीक रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। आज अपनी वाणी पर संयम रखें। आपके मुंह से निकली हुयी एक गलत बात आपके रिश्तों को खराब कर सकती है। आज परिवार का माहौल ठीक रहेगा।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। किसी के साथ साझेदारी के लिए दिन अच्छा रहेगा। दांपत्य जीवन आज बेहतरीन रहने वाला है। बिजनेस में लेन-देन का ख्याल रखें, बड़ी डील करने से पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख कर लें।

धनु राशि : आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी पार्टी आपको बड़ा पद दे सकती है। जनता के बीच आपका मान सम्मान भी बढ़ेगा। जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं, उनके व्यापार में वृद्धि होगी।

मकर राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। आज किसी भी तरह की लापरवाही करने से आपको बचना चाहिए। जो लोग थोक विक्रेता है, उनको आज विशेष लाभ होगा। संपत्ति से जुड़े मामलों में जीवनासाथी का सहयोग मिलेगा। जो लोग घर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, वे लोग आज शिफ्टिंग का कार्य शुरू करवा सकते हैं।

कुंभ राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी। लोग आपसे अच्छा व्यवहार करेंगे। आज समाज से जुड़े कार्यों को करने के लिए दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामाजिक संगठन से जुड़ सकते हैं।

मीन राशि : आज आपका दिन अच्छा बितेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घरवालों के साथ गुजार सकते हैं। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लॉन भी बना सकते हैं।

# गौमाता सारे संसार की जननी समान

**विनीत नारायण**

जब से मुसलमान शासक भारत में आए तब से गौवंश की हत्या होनी शुरू हुई। हिन्दू लाख समझाते रहे कि गौमाता सारे संसार की जननी के समान है।

उसके शरीर के हर अंश में लोक कल्याण छिपा है और तो और उसके मूत्र-गोबर तक औषधियुक्त हैं, इसलिए उसकी हत्या नहीं, बल्कि पूजन किया जाना चाहिए पर यवनों पर असर नहीं पड़ा। आज भी मूर्खतावश बहुत से मुसलमान गौवंश की हत्या करते हैं। अक्सर यह दोनों धर्मो के बीच विवाद का विषय रहता है। अंग्रेज जब भारत में आए तो उन्होंने हिन्दुओं का मजाक उड़ाया। वे अपने सीमित ज्ञान के कारण समझने में असमर्थ थे कि हिन्दू गौवंश का इतना सम्मान क्यों करते हैं? आजादी के बाद धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने वालों ने भी इस हिन्दू मान्यता पर ध्यान नहीं दिया।

कुछ वर्ष पहले जब सूचना आई कि गौमूत्र का औषधि के रूप में अमेरिका में पेटेंट हो गया है, तो देश में सनसनी पैदा हो गई। योग और आयुर्वेद की तरह पूरी दुनिया जल्द ही गौमाता के महत्त्व को स्वीकारने लगेगी। हमेशा की तरह हम अपनी ही धरोहर को विदेशी पैकेज में कई गुना दामों में खरीदने पर मजबूर होंगे। जिस तरह पेप्सी कंपनी हमारे बाजारों से दो रुपये किलो आलू खरीद कर 250 रुपये किलो के चिप्स बेचती है वैसे ही आने वाले दिनों में गौमूत्र और गोबर सुंदर पैकेजिंग और आकषर्क विज्ञापनों के सहारे सैकड़ों रुपये कीमत पर बिकेगा। शास्त्रीय और वैज्ञानिक आधार पर सिद्ध हो चुका है कि गौमाता के शरीर के हर हिस्से से हम पर कृपा बरसती है।

अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त हृदय विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा है कि हृदय रोगियों के लिए देशी गाय का दूध उपयोगी है। देशी गाय के दूध के कण सूक्ष्म और सुपाच्य होते हैं। मस्तिष्क की सूक्ष्मतम नाडियों में पहुंच कर मस्तिष्क को शक्ति प्रदान करते हैं। देशी गाय के दूध में केरोटीन (विटामिन-ए) नाम का पीला पदार्थ रहता है, जो नेत्र ज्योति बढ़ाता है। चरक सूत्र स्थान 1/18 के अनुसार, देशी गाय का दूध जीवन शक्ति प्रदान करने वाले द्रव्यों में सर्वश्रेष्ठ है। देशी गाय के दूध में 8 प्रतिशत प्रोटीन, 8 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट और 0.7 प्रतिशत मिनरल (100 आईयू) विटामिन ए और विटामिन बी, सी, डी एवं ई होता है। निघंटु के अनुसार देशी गाय का दूध रसायन, पथ्य, बलवर्धक, हृदय के लिए हितकारी, बुद्धिवर्धक, आयुप्रद, पुंसत्वकारक तथा त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) नाशक है। गौघृत खाने से कोलेस्टरोल नहीं बढ़ता।

रूसी वैज्ञानिक शिरोविच के शोधानुसार देशी गाय के घी में मनुष्य शरीर में पहुंचे रेडियोधर्मी कणों का प्रभाव नष्ट करने की असीम शक्ति है। गौघृत से यज्ञ करने से ऑक्सीजन बनती है। देशी गाय के घी को चावल के साथ मिला कर जलाने से (यज्ञ) ईथीलीन ऑक्साइड, प्रोपीलीन ऑक्साइड और फोरमैल्डीहाइड नाम की गैस पैदा होती है। ईथीलीन ऑक्साइड और फारमैल्डीहाइड जीवाणी रोधक हैं, जिनका उपयोग ऑपरेशन थिएटर को कीटाणुरहित करने में होता है। प्रोपीलीन ऑक्साइड वष्रा करने के उपयोग में आती है अर्थात गौघृत द्वारा किए गए यज्ञ से वातावरण की शुद्धि और वर्षा होना स्वाभाविक परिणाम हैं। भाव प्रकाश निघंटु के अनुसार गौघृत नेत्र हितकारी, अग्निप्रदीपक, त्रिदोष नाशक, बलवर्धक, आयुवर्धक, रसायन, सुगंधयुक्त, मधुर, शीतल, सुंदर और सब घृतों में उत्तम होता है। गौमूत्र में ताम्र होता है जो मानव शरीर में स्वर्ण के रूप में परिवर्तित हो जाता है।

स्वर्ण सर्व रोगनाशक शक्ति रखता है। स्वर्ण सभी प्रकार का विषनाशक है। गौमूत्र में ताम्र के अतिरिक्त लोहे, कैल्शियम, फास्फोरस और अन्य प्रकार के क्षार (मिनरल्स),कार्बोनिक एसिड, पोटाश और लेक्टोज नाम के तत्व मिलते हैं। गौमूत्र में 24 प्रकार के लवण होते हैं, जिनके कारण गौमूत्र से निर्मित विविध औषधियां कई रोगों के निवारण में उपयोगी हैं। गौमूत्र कीटनाशक होने से वातावरण को शुद्ध करता है और जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाता है। गौमूत्र त्रिदोष नाशक है, किंतु पित्त निर्माण करता है, लेकिन काली देशी गाय का मूत्र पित्तनाशक है। नवयुवकों के लिए गौमूत्र शीघ्रपतन, धातु का पतलापन, कमजोरी, सुस्ती, आलस्य, सिरदर्द, क्षीण स्मरण शक्ति में उपयोगी है। पंचगव्य गौघृत, गौमय, गौदधि, गौदुग्ध, गौमुत्र से मिल कर बनता है। उसका सेवन मिर्गी, दिमागी कमजोरी, पागलपन, पीलिया, बवासीर आदि में उपयोगी है। कैंसर जैसे दुस्साध्य, उच्च रक्तचाप तथा दमा जैसे रोगों में भी गौमूत्र का सेवन उपयोगी सिद्ध हुआ है।

इटली के प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. जी.ई. बीगेड ने गोबर के अनेक प्रयोगों द्वारा सिद्ध किया है कि देशी गाय के ताजे गोबर से टीबी तथा मलेरिया के कीटाणु मर जाते हैं। आणविक विकरण से मुक्ति पाने के लिए जापान के लोगों ने गोबर को अपनाया है। गोबर हमारी त्वचा के दाद, खाज, एक्जिमा और घाव आदि के लिए लाभदायक होता है। एक देशी गाय के गोबर से प्रति वर्ष 45000 लीटर बायोगैस मिलती है। बायोगैस के उपयोग करने से 6 करोड़ 80 लाख टन लकड़ी बच सकती है, जो आज जलावन में काम आती है जिससे 14 करोड़ वृक्ष कटने से बचेंगे और पर्यावरण का संरक्षण होगा। गोबर की खाद सर्वोत्तम खाद है, जबकि फर्टलिाइजर से पैदा अनाज हमारी प्रतिरोधक क्षमता को कम करता है।

ऐसी तमाम जानकारियों का संचय कर उसके व्यापक प्रचार प्रसार में जुटे युवा वैज्ञानिक सत्यनारायण दास बताते हैं कि विदेशी इतिहासकारों और मार्क्सवादी चिंतकों ने वैदिक शास्त्रों में प्रयुक्त संस्कृत का सतही अर्थ निकाल कर बहुत भ्रांति फैलाई है। इन्होंने बताने की कोशिश की है कि वैदिक काल में आर्य गौमांस का भक्षण करते थे। यह वाहियात बात है। गौधन' जैसे शब्द का अर्थ अनर्थ कर दिया गया। दास के अनुसार वैदिक संस्कृति में एक ही शब्द के कई अर्थ प्रयुक्त होते हैं, जिन्हें उनके सांस्कृतिक परिवेश में समझना होता है। विदेशी इतिहासकारों ने वैदिक संस्कृत की समझ न होने के कारण ऐसी भूल की। आईआईटी से बी.टेक. और एम.टेक. करने वाले दास गौसेवा को सबसे बड़ा धर्म मानते हैं। समय की मांग है कि भारत सरकार और प्रांतीय सरकारें गौवंश की हत्या पर कड़ा प्रतिबंध लगाएं। इनके संवर्धन के लिए उत्साह से ठोस प्रयास करें।



# पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राजस्थान में मौसम अचानक बदला, बारिश व वज्रपात के बीच कड़ाके की ठंड



जयपुर (ए.)। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राजस्थान में मौसम अचानक बदल गया है और कई जगह बारिश व वज्रपात के बीच कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। राज्य के अनेक इलाकों में घना कोहरा छाया रहा।

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार सुबह के चौबीस घंटों के दौरान राज्य में कहीं कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक 2.8 मिलीमीटर बारिश फलोदी में हुई। इस दौरान सबसे कम न्यूनतम तापमान फतेहपुर में 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के अनेक इलाकों में दिन की शुरुआत घने कोहरे के बीच हुई। इस दौरान जिन इलाकों में बारिश हुई उनमें जोधपुर, जैसलमेर, अलवर, अजमेर व बीकानेर जिले के अनेक स्थान शामिल हैं। राजधानी जयपुर सहित अनेक जगह पर शनिवार सुबह से बूंदाबांदी व बारिश हो रही है। मौसम केंद्र ने पश्चिमी विक्षोभ के असर से शनिवार को राज्य में कहीं-कहीं बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है। इसके अनुसार 11 जनवरी को भी बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ कहीं-कहीं हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी होने की संभावना है। वहीं 12 जनवरी से पुन: मौसम शुष्क रहने तथा कहीं-कहीं घना कोहरा छाने की संभावना है।

## गुजरात में एचएमपीवी का चौथा मामला आया सामने, नौ महीने के बच्चे में संक्रमण की पुष्टि

अहमदाबाद (ए.)। अहमदाबाद में एक नौ महीने के बच्चे को ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) से संक्रमित पाया गया है। यह शिशु गुजरात में चौथा एचएमपीवी-पॉजिटिव मामला है, सभी मामले एक सप्ताह से भी कम समय में रिपोर्ट किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, बच्चे को 6 जनवरी को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसे सर्दी, खांसी और सांस लेने में दिक्कत हुई। अहमदाबाद नगर निगम ने कहा कि उनका विदेश या अन्य यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। इससे पहले शुक्रवार को साबरकांठा जिले में एक आठ वर्षीय लड़के के एचएमपीवी से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी, जिससे यह राज्य में तीसरा मामला बन गया। दो दिन पहले, अहमदाबाद में एक 80 वर्षीय व्यक्ति में वायरल संक्रमण की पुष्टि हुई थी। बुजुर्ग अस्थमा से पीड़ित है और फिलहाल एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।




अभिनेता अनुपम खेर और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नागपुर में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम सड़क सुरक्षा अभियान 2025 में शामिल हुए.

## स्कूल में 8 वर्षीय बच्ची की हार्ट अटैक से मौत, सीने में दर्द हुआ, कुर्सी पर बैठते ही गिर पड़ी



अहमदाबाद (आरएनएस)। अहमदाबाद के एक निजी स्कूल में एक दुखद घटना में 8 वर्षीय बच्ची की कार्डिएक अरेस्ट से मौत हो गई। गार्गी राणपरा नामक यह बच्ची सुबह करीब 8 बजे स्कूल पहुंची थी। जानकारी के अनुसार, गार्गी जब सीढ़ियां चढ़ रही थी, तभी अचानक उसके सीने में दर्द उठा। दर्द के बाद वह स्कूल की लॉबी में एक बेंच पर बैठ गई और कुछ ही सेकंड में जमीन पर गिर पड़ी। थलतेज इलाके में स्थित स्कूल के कर्मचारियों ने तुरंत उसे नजदीकी जायडस अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में बच्ची की मौत का कारण कार्डिएक अरेस्ट बताया गया है। स्कूल की प्रिंसिपल शर्मिष्ठा सिन्हा ने बताया कि घटना के बाद स्कूल स्टाफ ने तुरंत 108 एंबुलेंस को बुलाया, लेकिन एंबुलेंस के आने में देरी होने के कारण बच्ची को स्कूल की गाड़ी से ही जायडस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। गार्गी के माता-पिता मुंबई में रहते हैं और वह अहमदाबाद में अपने दादा-दादी के साथ रहती थी। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस स्कूल पहुंची और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। क्राइम ब्रांच की टीम ने भी स्कूल का निरीक्षण किया है। स्कूल प्रशासन के अनुसार, गार्गी पूरी तरह स्वस्थ थी। जायडस अस्पताल के डॉक्टरों ने भी कार्डिएक अरेस्ट की आशंका जताई है, लेकिन मौत का सही कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। इस घटना से स्कूल और बच्ची के परिवार में शोक की लहर है।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा में प्रगति यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत की।

## आतंकियों के 3 सहयोगियों को सुरक्षा बलों ने किया गिरफ्तार, गोला-बारूद भी बरामद



श्रीनगर (ए)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हमरे पट्टन में प्रादेशिक सेना शिविर पर ग्रेनेड हमले को 24 घंटे के भीतर सुलझाने का दावा किया है, जिसमें एक आत्मसमर्पण करने वाले आतंकवादी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 7 जनवरी को 163 प्रादेशिक सेना एमआई कक्ष को निशाना बनाकर किए गए हमले से शिविर की छत को काफी नुकसान हुआ, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) बारामूला, फ़िरोज़ येह्या ने मामले के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमले के बाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई से संदिग्धों की पहचान हुई और उन्हें गिरफ्तार किया गया। एएसपी ने खुलासा किया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में एक आत्मसमर्पण करने वाला आतंकवादी, एक अन्य आत्मसमर्पण करने वाले आतंकवादी का बेटा और हमले का मास्टरमाइंड बताया गया एक तीसरा व्यक्ति शामिल है। इनके पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। मास्टरमाइंड दो साल से गिरफ्तारी से बच रहा था और मादक पदार्थ मामले में भी शामिल है। एएसपी येह्या ने कहा कि परिश्रमी जांच के माध्यम से, हम बिंदुओं को जोड़ने और जिम्मेदार लोगों को पकड़ने में सक्षम थे। हमारी कई टीमों के प्रयासों की बदौलत मामला 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया गया। हालांकि, पुलिस ने चल रही जांच के कारण आरोपियों की पहचान उजागर करने से परहेज किया। एएसपी ने कहा कि हम अब हमले और क्षेत्र में अन्य आपराधिक गतिविधियों के बीच संभावित संबंधों की जांच कर रहे हैं।

## प्रयागराज से लौटते समय ध्यान रखे इन स्टेशनों के नाम, यही से मिलेगी रिटर्न ट्रेनें

नई दिल्ली (ए.)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी यानी दो दिन बाद महाकुंभ का आगाज होने जा रहा है। 45 दिन चलने वाले इस भव्य महाकुंभ में कई बड़े शाही स्नान भी होंगे। कुंभ में देश-विदेश से 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे देखते हुए भारतीय रेलवे ने महाकुंभ को और खास बनाने के लिए कुछ स्पेशल ट्रेनों का ऐलान किया है। रेलवे ने इस दौरान करीब 10 हजार से ज्यादा ट्रेनों को चलाने की योजना तैयार की है। ऐसे में अगर आप भी ट्रेन के जरिए महाकुंभ जाने का प्लान बना रहे हैं तो आपके लिए बड़ा अपडेट है। महाकुंभ में गंगा स्नान और वहां से जुड़े अनुष्ठान करने के बाद जब आप वापस लौटेंगे तो आपको आपके गंतव्य स्थान की ओर जाने वाली स्पेशल ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे द्वारा चिन्हित स्टेशन पर ही पहुंचना होगा।

**इन स्टेशनों से इस दिशा के रेलवे स्टेशन के मिलेगी ट्रेन**

यात्रियों को प्रयागराज जंक्शन, नैनी और प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन से विन्ध्याचल, मिर्जापुर, चुनार, चोपान, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, पटना, गया, रांची, जसीडीह, आसनसोल, हावड़ा, पुरी की ओर जाने वाली ट्रेनें मिलेगी। प्रयागराज जंक्शन, नैनी, प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन से ही शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, चित्रकूट, महोबा, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर,



बीना, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, इटारसी, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, नागपुर, कल्याण, मुंबई की ओर जाने वाली ट्रेनें मिलेगी। प्रयागराज जंक्शन और सूबेदारगंज रेलवे स्टेशनों से सिराथू, फतेहपुर, कानपुर, पनकी धाम, इटावा, टूंडला, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू की ओर जाने वाली ट्रेनें मिलेगी। प्रयाग, फाफामऊ जंक्शन रेलवे स्टेशनों से ऊंचाहार, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, बरेली, सहारनपुर, हरिद्वार, ऋषिकेश, जंघई, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ़, अयोध्या, गोंडा, बहराइच की ओर जाने वाली ट्रेन मिलेगी। प्रयागराज रामबाग, झूंसी के रेलवे स्टेशनों से ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, मऊ, भटनी, गोरखपुर, बलिया, छपरा की ओर जाने वाली ट्रेनें मिलेगी। उत्तर मध्य रेलवे की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, रेलवे स्टेशनों पर दिशा के अनुसार कलर कोडेड (लाल, नीला, पीला और हरा) यात्री आश्रयों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि मुख्य स्नान पर्व से एक दिन पूर्व और दो दिन बाद तक प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी और प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर एंट्री और एग्जिट संबंधित प्रतिबंधों का पालन करें।

## युवाओं को रोजगार देकर सशक्त बना रही मान सरकार

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हर युवा का सपना होता है सुनहरा भविष्य एवं रोजगार। सुनहरे भविष्य की तलाश में हर साल करीब तीन लाख युवा विदेशों का रुख कर रहे हैं। कोई शिक्षा के लिए विदेश जा रहा है तो कोई रोजगार की तलाश में। भगवंत सिंह मान ने मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के साथ ही राज्य को रंगला पंजाब बनाने का सपना देखा? और पंजाब के युवाओं के सुनहरी भविष्य व रोजगार के सपने को पूरा कर रही है मान सरकार। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान घर-घर रोजगार के मिशन को पूरा करते हुए? पूरी पारदर्शिता के साथ पंजाब में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर लेकर आ रही है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का साफ कहना है कि उनकी सरकार युवाओं को उनके पैरों पर खड़ा होने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान का साफ कहना है कि सफलता के लिए कोई शॉर्ट कट नहीं होता और सिरफ कड़ी मेहनत से ही आम व्यक्ति अपने सपने पूरे कर सकता है।?मुख्यमंत्री मान ने कहा कि उन्हें दुख होता था कि पंजाब के युवक अपनी धरती छोड़ कर क्यों भाग रहे हैं। यहां गांव के गांव खाली हो गए हैं लेकिन अब युवाओं को यहां ही नौकरियां मिल रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रंगले पंजाब के रंग धीरे-धीरे वापस आने लग गए हैं। उन्होंने कहा कि पौने 3 वर्षों में 50 हजार के करीब नौकरियां बिना सिफारिश और रिश्वत के दे चुके हैं।

# विविध-समाचार

## लाल बहादूर शास्त्री को शाह-खरगे समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, कांग्रेस ने बताया महान गांधीवादी

नई दिल्ली (ए.)। आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 59वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए उन्हें महान गांधीवादी बताया। खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "जय जवान, जय किसान" के प्रेरक, महान गांधीवादी, हमारे आदर्श, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर हम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। भूमि सुधार से लेकर दुग्ध क्रांति की नींव रखने तक, रेलवे में थर्ड क्लास को खत्म करने से लेकर 1965 की जंग तक, अपनी सरलता एवं सादगीपूर्ण जीवन से सबके प्रेरणास्त्रोत बने, शास्त्री जी ने देश की उन्नति के लिए हमेशा किया।"

## अकाली दल वर्किंग कमेटी ने सुखबीर बादल का इस्तीफा किया मंजूर, अब भरोसेमंद लोग ही चलाएंगे पार्टी

चंडीगढ़ ,(आरएनएस)। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की वर्किंग कमेटी की मीटिंग में सुखबीर बादल का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। इस मौके कमेटी ने पार्टी के प्रधान के तौर पर सेवाएं निभाने के लिए सुखबीर बादल का शुक्रिया अदा किया।बैठक की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधान बलविंदर सिंह भूंदड़ द्वारा की गई। मीटिंग के दौरान सुखबीर बादल के इस्तीफे को लेकर फैसला लिया गया। हालांकि सुखबीर बादल पहले ही शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे चुके हैं। 2 दिसंबर को श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश के तहत कार्यकारिणी को इस्तीफा स्वीकार कर अकाल तख्त सचिवालय को सूचित करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, अकाली नेताओं ने धार्मिक सेवाओं का हवाला देते हुए कार्यकारिणी की बैठक के लिए समय मांगा था, जिसे मंजूर कर लिया गया।एसजीपीसी के साथ बैठक में सुखबीर बादल के इस्तीफे पर लंबी चर्चा हुई। बैठक के दौरान स्पष्ट संकेत दिए गए कि नए साल में सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा और ऐसे कार्यकर्ताओं और व्यक्तियों को सदस्य बनाया जाएगा जो जमीनी स्तर पर भरोसेमंद हैं और पार्टी नेतृत्व के प्रति वफादार हैं।

## केंद्रीय मंत्री रिजिजू का पांच दिवसीय सऊदी दौरा, 2025 के हज करार पर करेंगे हस्ताक्षर

नई दिल्ली (ए.) । केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू का शनिवार को सऊदी अरब का पांच दिवसीय दौरा शुरू हुआ। इस दौरे का मकसद 2025 में हज यात्रा के लिए उस द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करना है, जिसमें भारत भारत ने 10 हजार अतिरिक्त हज यात्रियों के लिए कोटा बढ़ाने की मांग की है। रिजिजू कल सऊदी अरब के मंत्री तौफीक बिन फौजान अल राबिया से मुलाकात करेंगे, जहां दोनों नेता हज समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। केंद्रीय मंत्री एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं सऊदी अरब जाने के लिए उत्सुक हूं, जहां हम 2025 के लिए द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करेंगे।' इसके अलावा, रिजिजू सऊदी अरब के परिवहन और लॉजिस्टिक सेवा मंत्री सालेह अल जासेर से भी मुलाकात करेंगे। मुलाकात के दौरान हवाई उड़ानों, बस और ट्रेन सेवाओं के संचालन पर चर्चा होगी। रिजिजू जेद्दा हज टर्मिनल का भी दौरा करेंगे, जिसका उपयोग भारतीय तीर्थयात्रियों द्वारा किया जाता है। वहां भारत सरकार ने एक विशेष कार्यालय स्थापित किया है, ताकि तीर्थयात्रियों को सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

## 1200 किमी. दौड़ लगाकर अयोध्या पहुंचा छह वर्ष का बालक, योगी आदित्यनाथ ने किया सम्मानित

अयोध्या (ए.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीरामलला सरकार के श्रीविग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत कार्यक्रम में मंच पर छह वर्ष के बालक मोहब्बत को सम्मानित किया। मोहब्बत पंजाब के पाकिस्तान बॉर्डर के फाजिल जिले के अबोहर कस्बे से शुक्रवार को अयोध्या के सरयू तट पर पहुंचा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंच पर बताया कि इस बालक ने 14 नवंबर से दौड़ लगाना प्रारंभ किया। लगभग 1200 किमी. दूर दौड़ लगाकर यह अयोध्या आया है। इसने प्रतिदिन 19-20 किमी. दौड़ लगाई। मुख्यमंत्री ने बालक मोहब्बत को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सीएम ने उसे चॉकलेट भी प्रदान किया और उसका हालचाल पूछकर हौसलाअफजाई भी की।

## लीक हुई सीएजी रिपोर्ट को लेकर आप पर हमलावर हुई बीजेपी-कांग्रेस, बताया लूट का मॉडल



नई दिल्ली (ए)। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने कहा कि सीएजी रिपोर्ट में नीति के बारे में 10 प्रमुख निष्कर्षों को सूचीबद्ध किया गया था, जिसे ईडी और सीबीआई की जांच के बीच आप सरकार ने रद्द कर दिया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जिन्हें मामले में गिरफ्तार किया गया था और वह जमानत पर हैं। उनको रिपोर्ट में उठाए गए सवालों का जवाब देना होगा। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट मीडिया में लीक होने के बाद शनिवार को भाजपा और कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (आप) पर अपने हमले तेज कर दिए, जिसमें दिल्ली में अब समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति में खामियों को उजागर किया गया है। भाजपा ने आप पर अपने कुकर्मों को छिपाने के लिए विधानसभा में रिपोर्ट पेश नहीं करने का आरोप लगाया है, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने आरोप लगाया कि निष्कर्ष भगवा पार्टी के कार्यालय में किए गए थे। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने कहा कि सीएजी रिपोर्ट में नीति के बारे में 10 प्रमुख निष्कर्षों को सूचीबद्ध किया गया था, जिसे ईडी और सीबीआई की जांच के बीच आप सरकार ने रद्द कर दिया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जिन्हें मामले में गिरफ्तार किया गया था और वह जमानत पर हैं। उनको रिपोर्ट में उठाए गए सवालों का जवाब देना होगा। इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा, हम तो पहले से कह रहे हैं कि यह घोटालेबाज सरकार है। पहले केजरीवाल कांग्रेस पर इल्जाम लगाते थे, अब खुद फंस रहे है. केजरीवाल को खुद ही जेल चले जाना चाहिए। गौरतलब है कि सीएजी की एक रिपोर्ट में दिल्ली सरकार की शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के कारण सरकारी खजाने को 2,026 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का पता चला है।

## श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ,तीन दिवसीय महोत्सव शुरू;वीवीआईपी दर्शन पर रहेगी रोक



अयोध्या , (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली सालगिरह पर आयोजित महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। अब एक साल पूरे होने पर अयोध्या में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान वीवीआईपी दर्शनों पर रोक होगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, हम चाकर रघुवीर के मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, 11 से 13 जनवरी तक होने वाले इस समारोह का उद्देश्य आम लोगों को शामिल करना है, जो पिछले साल ऐतिहासिक समारोह में शामिल नहीं हो पाए थे। साथ ही, करीब 110 आमंत्रित वीआईपी भी इसमें शामिल होंगे। हालांकि तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में वीवीआईपी पास निरस्त रहेंगे। इसके अलावा दर्शन करने का समय भी बढ़ा दिया गया है।



उत्तर प्रदेश के कन्नौज में ढही इमारत के नीचे फंसे मजदूरों को बाहर निकालते लोग.

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र की आर्द्रभूमियों की सुरक्षा के लिए कदम उठाया, शीर्ष अदालत के आदेश के बाद लिया फैसला

मुम्बई (ए.)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र में वेटलैंड्स के संरक्षण का मुद्दा अपने आप उठाया और भारत में 2.31 लाख से अधिक वेटलैंड्स की सुरक्षा के लिए पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित निर्देश की निगरानी के लिए एक कानूनी सलाहकार नियुक्त किया। दिसंबर, 2024 को, शीर्ष अदालत ने 2.25 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले सभी आर्द्रभूमियों का सीमांकन करने के लिए भारत भर के राज्य आर्द्रभूमि अधिकारियों को तीन महीने की समय सीमा दी। शीर्ष अदालत के आदेश के बाद, इन आर्द्रभूमियों को कानूनी संरक्षण प्राप्त हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित उच्च न्यायालयों को इस मुद्दे की निगरानी करने के लिए भी कहा था।




शीर्ष अदालत के निर्देश के लगभग एक महीने बाद, बॉम्बे हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने वकील जनक द्वारकादास को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया। उन मुद्दों को रेखांकित करते हुए एक विस्तृत नोट दाखिल करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्णय लेने की आवश्यकता है। उच्च न्यायालय ने केंद्र, केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार, राज्य पर्यावरण, वन और राजस्व मंत्रालयों के साथ-साथ महाराष्ट्र वेटलैंड्स प्राधिकरण को भी नोटिस जारी किया।

शीर्ष अदालत ने अपने निर्देश में कहा था कि 2017 से पहले, भारत में 2.25 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाली आर्द्रभूमि की संख्या के संबंध में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा दिए गए आंकड़े 2,01,503 थे। शीर्ष अदालत ने 2021 में प्रकाशित नवीनतम इसरो डेटा का हवाला देते हुए दिखाया कि यह आंकड़ा अब 2,31,195 हो गया है।

## 'मुझे आपकी याद आ रही ', सुकुमार के साथ खास तस्वीर साझा कर रश्मिका ने क्यों लिखी ये बात?




फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' 5 दिसंबर 2024 को रिलीज होने के बाद बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता प्राप्त कर चुकी है। सुकुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने अब तक कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। यह भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बच चुकी है। फिल्म की इस सफलता के बीच निर्देशक सुकुमार ने हाल ही में अपना 55वां जन्मदिन मनाया।

**रश्मिका ने साझा की खास तस्वीर**

उनके जन्मदिन पर रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म के सेट से एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की। इसमें सुकुमार उन्हें आराम करते हुए चुपके से देख रहे हैं। पोस्ट में रश्मिका ने निर्देशक के लिए अपनी भावनाओं को व्यक्त किया और बताया कि वह उन्हें कितना मिस करती हैं।

**लिखी ये बात**

रश्मिका ने लिखा, जन्मदिन मुबारक सुकुमार सर! मुझे आपकी बहुत याद आती है। मेरे पास आपके कई अच्छे फोटोज हैं, लेकिन मुझे यह फोटो सबसे पसंद है, क्योंकि यह सच में आप ही की तरह है!'

**बाहुबली 2 को पीछे छोड़ चुकी है पुष्पा 2**

11 जनवरी 2025 तक, 'पुष्पा 2' ने दुनिया भर में 1,831 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया है। हसी के साथ इसने 'बाहुबली 2 द कन्क्लूजन' के कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म की नजर अब आमिर खान के दंगल के कलेक्शन को पीछे छोड़ने पर है। दंगल चीन के कुल कारोबार को मिलाकर बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है।

## जैकी श्रॉफ और सिकंदर खेर की चिड़िया उड़ का ट्रेलर जारी, 15 जनवरी से अमेजन एमएक्स प्लेयर पर होगी स्ट्रीम

अभिनेता जैकी श्रॉफ को इन दिनों फिल्म बेबी जॉन में देखा जा रहा है, जिसमें वह खलनायक बन वरुण धवन के भिड़ते नजर आ रहे हैं। फिल्म में उनके काम को खूब सराहा जा रहा है, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी।अब जैकी वेब सीरीज चिड़िया उड़ में नजर आएंगे, जिसका निर्देशन रवि जाधव कर रहे हैं। इसमें सिकंदर खेर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।आखिरकार अब चिड़िया उड़ का ट्रेलर रिलीज हो गया है।चिड़िया उड़ की कहानी आबिद सुरती के उपन्यास केज: लव एंड वेंजेंस इन ए रेड लाइट पर आधारित है। ट्रेलर में जैकी का धांसू अवतार दिख रहा है, वहीं सिकंदर सीरीज में जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे।चिड़िया उड़ में भूमिका मीना, मधुर मित्तल, मीता वशिष्ठ, मयूर मोरे, फ्लोरा सैनी, आभा परमार और उपेन चौहान जैसे सितारे भी नजर आएंगे। इस वेब सीरीज को आप 15 जनवरी, 2025 को अमेजन एमएक्स प्लेयर पर मुफ्त में देख सकते हैं।

## प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया वर्कआउट वीडियो

एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने खुद का वर्कआउट वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसमें उन्होंने फिटनेस और खुद से प्यार करने का संदेश दिया है। इस वीडियो में डच डीजे टिएस्टो के गाने 'द बिजनेस' को बैकग्राउंड म्यूजिक के तौर पर जोड़ा गया है।



अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सक्रिय प्रीति ने जिम में इनक्लाइन क्रंच सिट-अप्स करते हुए खुद का एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो के साथ अभिनेत्री ने एक प्रेरणादायक कैप्शन लिखा। उन्होंने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप छुट्टी पर हैं या काम पर, आपको खुद को बेहतर, मजबूत और स्वस्थ बनाना होगा। अगर यह आपको चुनौती नहीं देता, तो यह आपको नहीं बदलता। इसलिए हार न मानें, लगातार प्रयास करें और खुद को आगे बढ़ाएं। खुद से प्यार करने से बेहतर कोई प्यार नहीं है। आप सभी को 2025 की शुभकामनाएं। प्रीति का कहना है कि खुद को स्वस्थ और मजबूत बनाना हर किसी के जीवन का एक अहम हिस्सा होना चाहिए। प्रीति जिंटा हाल ही में पति जीन गुडइनफ के साथ उरुग्वे में छुट्टियां मना रही थीं। 5 जनवरी को उन्होंने अपनी यात्रा की खूबसूरत झलकियां साझा कीं। तस्वीरों और वीडियो में दोनों समुद्र तट पर पोज देते, होटल की खूबसूरती का आनंद लेते और रेस्तरां में समय बिताते नजर आए।

अभिनेत्री ने फूलों, प्राचीन वस्तुओं और स्वादिष्ट भोजन की झलक भी शेयर की। तस्वीरों में प्रीति और जीन की जोड़ी बेहद खूबसूरत लग रही थी, और उनके फैंस ने पोस्ट पर खूब प्यार बरसाया। वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रीति जिंटा जल्द ही राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' में नजर आएंगी।

# काजल मां पार्वती के किरदार में आईं नजर



तेलुगू पौराणिक ड्रामा 'कन्नप्पा' का पोस्टर आउट हो चुका है। फिल्म की अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्टर को शेयर करते हुए उसे अपना ड्रीम रोल बताया। काजल पोस्टर में मां पार्वती के किरदार में नजर आईं। 'कनप्पा' के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया और अभिनेत्री ने भी अपने प्रशंसकों को इस लुक से रूबरू कराया।

पोस्टर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए काजल अग्रवाल ने लिखा, वाकई एक ड्रीम रोल! 2025 की शुरुआत करने की खुशी है कन्नप्पा, हर हर महादेव। माता पार्वती।卐 काजल अग्रवाल की पोस्ट पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने कमेंट करते हुए लिखा, बहुत खूबसूरत। वहीं, पोस्टर में अभिनेत्री देवी पार्वती के रूप में खूबसूरत लग रही हैं। पोस्टर में अभिनेत्री ने सुनहरे बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहनी है। उनके लुक को सुनहरे नेकपीस के साथ मैचिंग इयररिंग्स, चूड़ियों और मांग-टीका के साथ पूरा किया गया है। उनके बाल खुले रखे गए और उनमें गुलाबी रंग का फूल लगा हुआ है। 'कन्नप्पा' के निर्देशक मुकेश कुमार सिंह हैं और निर्माण मोहन बाबू ने 24 फ्रेम्स फैक्ट्री के सहयोग से अपने बैनर एवीए एंटरटेनमेंट के तहत किया है।

स्टीफन देवसी ने फिल्म के लिए गाने और बैकग्राउंड स्कोर को तैयार किया है। फिल्म में काजल अग्रवाल के साथ विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे, जबकि मोहन बाबू, आर. सरथकुमार, अर्पित रांका, कौशल मंडा, राहुल माधव, देवराज, मुकेश ऋषि, ब्रह्मानंदम, रघु बाबू, प्रीति मुखुंधन, मधु, मोहनलाल, प्रभास और अक्षय कुमार भी महत्वपूर्ण भूमिका में दिखेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार कैमियो किरदार में नजर आएंगे।

# श्रद्धा कपूर ने अलग-अलग लैंग्वेज बोलकर किया क्रू का इंटरटेन

हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के को -एक्टर अभिषेक बनर्जी ने उनके नए टैलेंट का मजेदार किस्सा शेयर किया। अभिषेक ने बताया कि 'स्त्री' की शूटिंग के दौरान एक बार कैमरे में खराबी आ गई। सभी लोग सेट पर खाली बैठे थे। उस समय श्रद्धा ने अलग-अलग लैंग्वेज और लहजों में बोलकर सबको खूब एंटरटेन किया।

अभिषेक ने आगे कहा, 'श्रद्धा ने इतने अलग अंदाज में बातें कीं कि पूरा क्रू हंस-हंसकर लोटपोट हो गया। हम सब हैरान थे कि एक्ट्रेस ये भी कर सकती हैं। श्रद्धा का यह टैलेंट बाद में लोगों के सामने भी आया और उन्हें खूब तारीफें मिलीं। अमर कौशिक की 'स्त्री' एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म थी, जिसमें श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, अभिषेक बनर्जी, अपारशक्ति खुराना और पंकज त्रिपाठी जैसे कलाकार थे। 2024 में इसका सीक्वल 'स्त्री 2' रिलीज हुआ, जिसने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया। यह फिल्म सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई। श्रद्धा की शानदार एक्टिंग और उनका मजेदार अंदाज इस सफलता की बड़ी वजह बना। फिल्म ने दुनिया भर में रुपए 874.58 करोड़ से ज्यादा कमाई की है। मीडिया के मुताबिक यह अब तक की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। इसके अलावा, 2024 की सबसे बड़ी हिंदी फिल्म और छठी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म भी बन गई है। यह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की 11वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।



'स्त्री 2' एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है, जो 2024 में रिलीज हुई। यह फिल्म 'स्त्री' का सीक्वल है और लोगों ने इसे खूब पसंद किया। फिल्म में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, अभिषेक बनर्जी और पंकज त्रिपाठी जैसे बड़े सितारे हैं। 'स्त्री 2' ने न सिर्फ भारत में, बल्कि विदेशों में भी बहुत अच्छा काम किया। फिल्म की कहानी में डर और हंसी का शानदार मिश्रण है, जो लोगों को हंसी के साथ थोड़ी डरावना एक्सपीरिएंस भी देता है। बता दें कि श्रद्धा कपूर अपनी खूबसूरती, दमदार एक्टिंग और अलग-अलग टैलेंट के लिए जानी जाती हैं।

## देश में बमुश्किल 10 फीसदी तक पहुंची गेमचेंजर, मेकर्स ने बताया विदेश में हिट हुई फिल्म!

साउथ सिनेमा में हर सितारे को एक अलग विशेषण देने की परंपरा में राम चरण को ग्लोबल स्टार कहकर परदे पर इंट्रोड्यूस कराया जाता है। लगता है उनकी नई फिल्म 'गेम चेंजर' बनाने वालों ने इसे अक्षरशः सत्य मान लिया है। 450 करोड़ रुपये की मेकिंग और करीब 50 करोड़ रुपये के प्रचार खर्च के साथ रिलीज हुई फिल्म रिलीज के पहले दिन देश भर में बमुश्किल 51.25 करोड़ रुपये अंतिम आंकड़ों के मुताबिक कमा सकी है। लेकिन इसके मेकर्स का दावा है कि फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 186 करोड़ रुपये कमाकर हिट होने के लिए पहले दिन के 20 फीसदी अनिवार्य कलेक्शन से कहीं ज्यादा कमाई कर ली है।



फिल्म 'गेम चेंजर' ने शुक्रवार 10 जनवरी को रिलीज होकर अपने पहले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 51.25 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। फिल्म ने हिंदी में सिर्फ सात करोड़ रुपये कमाए हैं और हिंदी दर्शकों की शुक्रवार को फिल्म देखने को उमड़ी भीड़ शनिवार से ही छंटती नजर आ रही है। फिल्म को तेलुगु दर्शकों का भी खास प्यार नहीं मिला और वहां फिल्म सिर्फ 42 करोड़ रुपये ही कमा सकी। फिल्म का कन्नड़ और मलयालम संस्करण भी फ्लॉप है, जहां फिल्म की बस 15 लाख रुपये की कमाई हुई है। फिल्म के निर्देशक शंकर की मूल भाषा तमिल में फिल्म ने सिर्फ 2.10 करोड़ रुपये कमाए।

# इंडस्ट्री भाषाओं की दीवारें तोड़कर टैलेंट को जोड़ रही सम्युक्ता मेनन



आज का भारतीय सिनेमा ऐसे कलाकारों को अपनाने के लिए तैयार है, जो भाषाओं की सीमाओं से परे जाकर काम कर रहे हैं। सम्युक्ता इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। मलयालम, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में शानदार काम करने के बाद अब सम्युक्ता बॉलीवुड में फिल्म महारानी से डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह काजोल के साथ नज़र आएंगी। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म है, जिसमें सम्युक्ता की भूमिका बहुत खास और दमदार है। यह दिखाता है कि वह किसी भी भाषा में अपनी कला से सबका दिल जीत सकती हैं।

बॉलीवुड में सम्युक्ता का आना यह बताता है कि अब इंडस्ट्री भाषाओं की दीवारें तोड़कर टैलेंट को जोड़ रही है। हाल ही में एक इंटरव्यू में सम्युक्ता ने कहा, मैं हमेशा मानती हूं कि कहानी कहने की कला सबकी होती है और अभिनय की कोई सीमा नहीं होती। यह प्रोजेक्ट मेरे इस विश्वास को और मजबूत करता है। अपने हर किरदार को गहराई और भावनाओं से निभाने वाली सम्युक्ता आज क्षेत्रीय और बॉलीवुड सिनेमा को जोड़ने वाली कड़ी बन रही हैं। जैसे-जैसे बॉलीवुड पैन-इंडिया दर्शकों से जुड़ने की कोशिश कर रहा है, सम्युक्ता इस बदलाव की अगुवाई कर रही हैं और भारतीय सिनेमा को एकजुट करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

## फिल्म आजाद का पहला गाना उई अम्मा हुआ रिलीज, राशा थडानी ने अपने डांस मूव्स से मचाया तहलका

लगातार विकसित हो रहे भारतीय सिनेमा में, किसी भी डेब्यूटेंट कलाकार के लिए अपने डेब्यू से ही एक स्थायी छाप छोड़ना बहुत ही दुर्लभ है. मीडिया और फैंस के बीच एक लोकप्रिय चेहरा, राशा थडानी, आगामी फ़िल्म आज़ाद के अपने डेब्यू गाने उई अम्मा से तहलका मचा रही हैं. इस गाने को इसके एनरजेटिक वाइब और राशा के शानदार प्रदर्शन के लिए व्यापक प्रशंसा मिली है. इस गाने ने न सिर्फ लाखों लोगों के दिलों पर कब्जा किया है, बल्कि उन्हें देश भर में सनसनी भी बना दिया है. अमान देवगन, अजय देवगन और डायना पेंटी के साथ अभिनय करने वाली, राशा का बड़े पर्दे पर आना एक शानदार करियर की शुरुआत है.आजाद का गाना उई अम्मा चार्टबस्टर ट्यून्स को वाइब्रेंट ऊर्जा के साथ मिलाता है, जो दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ता है. फिल्म की रिलीज से पहले ही, राशा ने अपने शानदार डांस मूव्स, चार्मिंग एक्सप्रेशन और ऑन-स्क्रीन प्रेजेंस से नेटिजन्स को प्रभावित किया है. उई अम्मा में उनके प्रदर्शन ने फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा किया है, जो फिल्म में उन्हें और अधिक देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.फैंस और दर्शकों ने रशा थडानी की खूब तारीफ की है. जबकि कुछ नेटिजन्स ने उनके खूबसूरत एक्सप्रेशन की सराहना करते हुए कहा, क्या डेब्यू गाना है राशा, एक्सप्रेशन और डांस के साथ खूबसूरती, शानदार राशा यकीनन से अगली सुपरस्टार हैं. एक और फैन लिखता है, सो ब्यूटीफुली परफॉर्म, कुड नॉट स्टॉप स्माइलिंग थ्रूआउट, द एक्सप्रेशन्स आर सो गुड!

# बाल झड़ने से हैं परेशान तो अपनाएं ये 6 तरीके, कुछ ही दिनों में दिखने लगेगा फायदा

बालों का झड़ना पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए एक बड़ी समस्या है. आमतौर पर तनाव, प्रदूषण, अनहेल्दी लाइफस्टाइल, खराब सेहत और आहार में गड़बड़ी, बाल झड़ने का कारण माने जाते हैं, इसके साथ ही बालों का झड़ना हार्मोनल बदलाव के कारण भी होता है. पोषक तत्वों की कमी और स्कैल्प पर रूसी का होना भी बाल झड़ने का कारण है. ज्यादातर लोग इस समस्या से निजात पाने के लिए कई तरीके आजमाकर थक चुके हैं. हालांकि, आज इस खबर में नचुरल तरीकों को आजमाकर बालों को झड़ने से कैसे रोकें और बालों के विकास को बढ़ावा देने के क्या करें, इसके बारे में जानें...

**मेथी**

मेथी बालों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में बहुत मददगार है. मेथी में प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में होते हैं. यह बालों के विकास को बढ़ावा देता है और बालों का गिरना कम करता है. इसके लिए मेथी के दानों को भिगोकर उसे अच्छे से पीसकर स्कैल्प पर लगाएं। 20 मिनट बाद धो लें.

**नींबू का रस**

नींबू साइट्रिक एसिड का बहुत अच्छा स्रोत है. इससे सिर की त्वचा का श्च॥ संतुलित रखने में मदद मिलेगी. यह बालों की ग्रोथ बढ़ाने और डैंड्रफ से छुटकारा दिलाने में फायदेमंद है.इसके लिए थोड़े से पानी में नींबू का रस डालकर मिला लीजिए. इसे स्कैल्प पर लगाएं. 20 मिनट बाद धो लें.

**ब्राह्मी**

ब्राह्मी में एल्कलॉइड और ट्राइटरपेनॉइड सैपोनिन होते हैं. यह स्कैल्प को पोषण देने और बालों के रोमों को मजबूत बनाने में मदद करता है. ब्राह्मी बालों के झड़ने को रोकने और सिर पर जमा गंदगी और रूसी को हटाकर बालों के विकास को बढ़ावा देने में फायदेमंद है.

**आंवला**

आंवला विटामिन, खनिज, अमीनो एसिड, फाइटोन्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सिडेंट का एक अच्छा स्रोत है, जो बालों के स्वास्थ्य की रक्षा करता है. यह बालों के रोमों को भी मजबूत करता है और खोपड़ी में रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है. इसके साथ ही यह बालों के विकास को बढ़ावा देता है. इसके लिए आंवले के साथ नारियल का तेल सिर और बालों पर लगाएं. 30 मिनट बाद हल्के शैम्पू से धो लें.

**अंडा**

अंडे में प्रोटीन और अमीनो एसिड प्रचुर मात्रा में होता है. यह बालों को मजबूत बनाता है और बालों का झड़ना रोकने में मदद करता है. अंडे बालों को मुलायम बनाए रखने में भी मदद करते हैं. इसके लिए एक अंडे को अच्छे से फेंट लें और इसे स्कैल्प और बालों पर लगाएं. 20 से 30 मिनट बाद हल्के शैम्पू से धो लें.

**लाल मिर्च**



लाल मिर्च में कई घटक होते हैं जो बालों के स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं, जिनमें फ्लेवोनोइड्स और फाइटोस्टेरॉल नामक यौगिक शामिल हैं. यह बालों का झड़ना रोकने में मदद करता है और बालों के विकास को तेज़ करता है. इसमें एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं. यह डैंड्रफ दूर करने में कारगर है.

# राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने किया ग्राम कुंडीखाल में 3 करोड़ 96 लाख रुपये से निर्मित सड़क लोकार्पण

## सड़कों के निर्माण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी : राजस्व मंत्री श्री वर्मा

## कुंडीखाल-भँवरा सड़क बनने से यातायात होगा सुगम : राजस्व मंत्री श्री वर्मा



सीहोर (निप्र)। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा इछावर तहसील के ग्राम में कुंडीखाल में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम कुंडी खाल से भँवरा तक निर्मित 3 करोड़ 96 लाख रुपए लागत की 05 किलोमीटर लंबी सड़क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि किसी क्षेत्र के तीव्र विकास में सड़कों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। सरकार देश एवं प्रदेश के सभी गांवों में सड़के बनाकर तथा उन्हें शहरों से जोड़कर उनके विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से सभी नागरिकों के लिए यातायात सुगम बन जाएगा। उन्होंने कहा कि आम लोगों के राजस्व संबंधी कामों के निराकरण के लिए राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत लोगों के राजस्व संबंधी मामलों का समय सीमा में निराकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत हर एक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित किया जा रहा है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का निरंतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश का वर्चस्व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहा है। सरकार सबका साथ, सबका विकास करने की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए अनेकों हितग्राही मूलक योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है एवं उनके लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं।

सरकार द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों को 1250 रूपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों के स्वयं के पक्के घर के सपने को साकार करने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है और महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर विकास के कार्य कर रही है। सरकार द्वारा गरीबों के लिए आयुष्मान भारत योजना चलाई जा रही है। जिससे गरीब से गरीब व्यक्ति भी बड़े से बड़े निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं।

# श्रीराम मंदिर रामलला सरकार का 1 वर्ष पूर्ण होने 1101 दीपक जला कर मनाया गया दीप उत्सव

सीहोर (निप्र)। प्रतिष्ठा द्वादशी पवन अवसर पर रामलला सरकार का पूजन कर 1101 दीपक जलाकर मनाया गया दीप उत्सव श्रीराम लला सरकार श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर आज श्री माधव महाकाल



आरोग्य आश्रम द्वारा सर्वप्रथम सनातनी नव ध्वज की स्थापना की गई श्री राम भगवान का अभिषेक किया गया गौ माता का पूजन कर दीप प्रचलित किए गए आज संपूर्ण भारतवर्ष ही नहीं विश्व में प्रतिष्ठा द्वादशी को मनाया जा रहा है सभी हिंदू मिलकर भगवान श्री राम का पूजन आरती अभिषेक कर रहे हैं आज इस अवसर पर श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर श्रीराम गौशाला क्षेत्र में भगवान श्री राम का भाव अभिषेक पूजन अर्चन कर1101 दीपक से दीप उत्सव मनाया गया जिसमें क्रांतिकारी संत कथा व्यास पंडित मोहित राम जी पाठक ने सर्वप्रथम भगवान श्री राम का अभिषेक किया साथ में आश्रम परिवार द्वारा अभिषेक कर 11000 राम नाम जाप माला कर प्रतिष्ठा द्वादशी को अद्भुत रूप में मनाया गया 1 वर्ष पूर्व 22 जनवरी 2024 को 500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या की पावन भूमि पर भगवान श्री राम लला सरकार का भाव मंदिर का निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा की गई आज उसी का 1 वर्ष पूर्ण हुआ तो संपूर्ण हिंदू सनातनी समाज द्वारा घर-घर दीप उत्सव भगवान का अभिषेक पूजन अर्चन कर प्रसादी का वितरण किया गया

# शहर के प्रसिद्ध श्री गोंदन सरकार धाम पर लगाया 56 भोग



सीहोर(निप्र)। अयोध्या में रामलला स्थापना के एक वर्ष हो जाने पर प्रथम वर्षगांठ के पावन अवसर पर शहर के चाणक्यपुरी स्थित श्री गोंदान सरकार धाम पर भव्य रूप से आयोजन किया गया था। इस मौके पर सुबह मंदिर परिसर स्थित भगवान राम दरबार के समक्ष विशेष पूजा-अर्चना के पश्चात 56 भोग लगाया गया। इसके अलावा महिला मंडल के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर यहां पर स्थित पुजारी ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था का केन्द्र है। इसके प्रथम वर्ष गांठ के मौके पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा अर्चना की गई थी।

# शिव महापुराण में आज मनाया जाएगा भगवान गणेश का विवाह

## भगवान गणेश और कार्तिकेय के जन्म प्रसंग के बारे में विस्तार से वर्णन



सीहोर (निप्र)। शहर के प्राचीन करोली माता मंदिर में जारी सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण में कथा वाचक पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने भगवान गणेश और कार्तिकेय के जन्म प्रसंग के बारे में विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शंकर और पार्वती ने गणेश और कार्तिक की परीक्षा ली। जिसमें पूरे ब्रह्मांड का चक्कर काटने वाले को प्रथम पूज्य का पद देने की बात कही। प्रतियोगिता में दोनों ही ब्रह्मांड का चक्कर काटने निकले तो कार्तिक मोर पर सवार हो पूरे ब्रह्मांड का चक्कर काटने लगे और भगवान गणेश ने माता-पिता की परिक्रमा कर ली। इस परिक्रमा के बाद जब कार्तिकेय अपने माता-पिता के पास पहुंचे तो देखा कि गणेश पहले ही मौजूद थे। आचार्य ने कहा कि गणेश के इस मातृ एवं पितृ भक्ति को देख भगवान शंकर और पार्वती ने किसी भी कार्य को करने के पहले भगवान गणेश की पहली पूजा का वरदान दिया।

कथा वाचक पंडित राहुल ने कहा कि भगवान की भक्ति के अनेक उदाहरण हमारे धार्मिक ग्रंथों में मौजूद है। भक्त प्रहलाद, हनुमान जी, मीरा और शबरी आदि शामिल है। जिन्होंने अपनी भक्ति के माध्यम से ईश्वर को प्राप्त किया और। उन्होंने शबरी प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि शबरी ने गुरु का कहा पूर्ण मनोयोग से निभाया, फलस्वरूप गुरु के कहे अनुसार शबरी के इष्ट श्रीराम सीताजी की खोज में उसी रास्ते से गुजरे जिस पर सारा जीवन शबरी आंखें लगाई रहीं।

कहा जाता है कि शबरी की जब शादी होने वाली थी उस समय विवाह समारोह में कई जीवों की बलि होने की सूचना पर वो व्यथित हो गईं वे इतने जीवों की हत्या का पाप अपने सिर नहीं लेना चाहती थीं। उन्होंने उसी रात अपना घर छोड़ दिया और ऋषिमुनियों के आश्रम के लिए चल पड़ीं। मातंग ऋषि ने उन्हें अपनाया और गुरुदीक्षा दी। शबरी ने अपनी गुरुभक्ति से गुरु के हृदय में स्थान बना लिया। गुरु ने उन्हें आशीर्वाद दिया और बताया कि उनके ईष्ट भगवान राम इसी मार्ग से गुजरेंगे, तुम प्रतीक्षा करना। शबरी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वह रोज आश्रम के मार्ग की सफाई करती और कंद मूल रख कर श्रीराम का इंतजार करती थी। इस तरह अब शबरी बूढी हो गईं थीं लेकिन उन्होंने भगवान श्रीराम से मिलने की आस नहीं छोड़ी थी. उन्हें पूरा विश्वास था कि उनके गुरु ने कहा है तो उनकी वाणी जरूर सत्य होगी। भगवान राम इसी मार्ग से गुजरेंगे और उसकी मुक्ति हो जाएगी।

## मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी सोमवार को सीहोर आगमन हो रहा है

सीहोर (निप्र) । कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी संगठन की बैठक लेने सोमवार को सीहोर पधार रहे हे है इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा जी , प्रदेश कांग्रेस महासचिव एव सीहोर जिला कांग्रेस प्रभारी श्रीमती जयश्री हरि करण जी, प्रदेश कांग्रेस सचिव द्वय पवन पटेल, दिनेश मेघवानी,प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारीगण शैलेन्द्र पटेल, राजकुमार पटेल,कैलाश परमार, बलवीर तोमर, हरपाल ठाकुर, धर्मेंद्र चौहान, विक्रम मस्तल शर्मा, सहित मोर्चा संगठन के जिला अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गण की उपस्थिती मे सीहोर,इछावर, बुधनी विधान सभा की महत्पूर्ण बैठक सोनी धर्मशाला, पोस्ट ऑफिस के पास, संजय टॉकीज रोड, सीहोर में दोपहर 12 बजे सोमवार को अयोजित की गई है । इस अवसर पर जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन, कांग्रेस पदाधिकारी गण,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मंडलम, सेक्टर अध्यक्ष गण, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सेवादल, एससी एसटी पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सहित विधानसभा के सभी नेता गण, कार्यकर्ता गण सादर आमन्त्रित है।

# ग्रामीण बच्चों ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी सांस्कृतिक कार्यक्रामों की दी प्रस्तुति

सीहोर (निप्र) । विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत कर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राओं ने सराहनीय कला का प्रदर्शन किया और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर देशभक्ति, पर्यावरण सुरक्षा, शिक्षा से तरक्की का बेहतरीन संदेश भी दिया। ग्राम खामलिया में संचालित गुरूकुल पब्लिक स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर चांद सिंह मेवाड़ा एवं प्रिंसीपल सीताराम मेवाड़ा के द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यापण कर किया गया। शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा वरिष्ठ अतिथियों को मालाऐं पहनाकर स्वागत किया गया। बच्चों ने बेकार सामग्रियों से विज्ञान के अविस्कार के रूप में मॉडल बनाए जिस में रिमोर्ट से चलने वाला डीजे, कुलर, पवन चक्की, श्रीराम मंदिर, गोबर गैस प्लांट, मेट्रोरेल स्टेशन, इंजन सहित अन्य मॉडल बनाए। बच्चों के द्वारा समूह नाटक, गायन, वादन, नृत्य और पोस्टरों चित्रों के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मातृशक्ति का सम्मान किया गया। माताओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्वयं मेडिल पहनाऐं और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।



# शा. प्राथमिक शाला कुलॉसपुरा में एफएलएन मेले का आयोजन



सीहोर (निप्र) । दिनांक 11 जनवरी शनिवार को राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेशानुसार शा. प्राथमिक शाला कैलासपुरा एवं कुलॉसकला में एफएलएन मेला का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। जिसमें कक्षा 1 व 2 के बच्चों ने अभिभावकगणों के सामने अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। मेले का शुभारम्भ कुलासपुरा के सरपंच राजेन्द्र वर्मा एवं जनपद सरस्य जमना प्रसाद वर्मा तथा ग्राम पंचायत के सचिव हुकुमसिंह वर्मा द्वारा किया गया । शा. प्राथमिक शाला कुलासपुरा के प्रभारी रामप्रकाश नरोलिया एवं शा. माध्यमिक शाला कुलासकला की प्रभारी अनीता भोयर, सपना नामदेव, गायत्री परमार, सरिता मालवीय तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति सारथियो द्वारा सभी अतिथिगणों एवं अभिभावकगणों का स्वागत किया गया एवं बच्चों को उनके अभिभावकों के समक्ष एफएलएन मेला रिपोर्ट कार्ड प्रदान किये गये तथा मध्याह्न भोजन में विशेष भोज बनवाया गया ।

# नगर में निकली श्रीराम नाम प्रभात फेरी, जसपाल सिंह अरोरा भी हुए शामिल



सीहोर (निप्र)। अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इसको लेकर देशभर सहित सीहोर नगर एवं जिलेभर में भी लोगों में उत्साह चरम पर है। प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीहोर नगर में भी छावनी उत्सव समिति द्वारा श्रीराम नाम प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रभात फेरी संगीतमय निकाली गई, जिसमें श्रीराम जय राम जय-जय राम... सहित श्रीराम नाम की धुन भी गाते हुए लोग चल रहे थे। प्रभारी फेरी में भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा भी शामिल हुए एवं वे भी श्रीराम के भजन-कीर्तन गाते हुए साथ चले। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी भी प्रभात फेरी में शामिल हुए। भाजपा नेता श्री अरोरा ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इस उपलक्ष्य में सीहोर नगर में छावनी उत्सव समिति द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इसके लिए समिति का आभार भी है। श्री अरोरा ने नगरवासियों सहित जिलेवासियों से भी अपील की है कि वे भी भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर खुशियां मनाएं, घरों में दीपक जलाएं, मिठाइयां बांटे, मंदिरों में जाएं एवं जमकर उत्सव भी मनाएं।

# सीहोर के आष्टा ब्लॉक में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु पर्पल मार्ट का उद्घाटन

सीहोर (निप्र)। आष्टा ब्लॉक में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ने पर्पल मार्ट (माइक्रो एंटरप्राइज) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महिला उद्यमी श्रीमती कुसुम मालविया और अन्य महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित किया गया, जो स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।



उद्घाटन के दौरान श्रीमती कुसुम मालविया ने बताया कि स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का उनका सपना था, जिसे उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना और पर्पल मार्ट से जुड़कर पूरा करने का निर्णय लिया। इसके लिए उन्हें पंजाब नेशनल बैंक से समर्थन प्राप्त हुआ है। श्रीमती कुसुम मालविया अब आष्टा की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर उपस्थित थे। साथ ही अधिवक्ता धीरज कुमार धरवा भी उपथित थे। विधायक इंजीनियर ने महिलाओं को स्वरोजगार के अधिक अवसर ढूंढ़ने और उनसे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पर्पल इनिशिएटिव फाउंडेशनको महिला उद्यमिता के नए आयामों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए उत्साहित किया साथ ही विस्तार से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के बारे में जानकारी दी।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

email-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/86/ खनिज/उ.प./2024, सीहोर, दिनाँक 06/01/2025

### प्रथम सूचना

### ( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क )

यह सूचित किया जाता है कि **आवेदक 1. विजय बुधानी, आ. श्री प्रेमस्वरूप बुधानी, निवासी विला नंबर 11, फेस-1, श्री गोल्डन सिटी, जाटखेड़ी, होशंगाबाद रोड, भोपाल** द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा/ पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र क्रमांक-35235 दिनांक 10.12.2024 को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 30 दिवस तक तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | इछावर | बामलादढ़ | 40/1 | 4.000 हे. | शासकीय | क्रशर हेतु पत्थर | कुल रकबा 10.151 हे. में से 4.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 10.151 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

खनि अधिकारी
जिला-सीहोर

जी/21493/24 हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


## रोमांचक फुटबाल मुकाबले में सीहोर ग्रीन ने सीहोर रेड को 2-1 से हराया

सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर खेले गए एक रोमांचक मैच में सीहोर ग्रीन ने सीहोर रेड को 2-1 से हराया। इस मैच में दोनों ही टीम मैच के अंतिम क्षण तक बराबरी पर थी, लेकिन इस नजदीकी मुकाबले में रोहित ने एक गोल कर सीहोर ग्रीन जीत दिलाई। जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि शनिवार को सीहोर रेड और सीहोर ग्रीन के मध्य मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर ग्रीन ने 2-1 से जीत हासिल की। इसमें सीहोर ग्रीन की ओर से रोहित ने 2 गोल किए थे। वहीं एक मात्र गोल सीहोर रेड की ओर से शिवांग ने किया।

# आज खेला जाएगा प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला

सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान एकलव्य कारपोरेट ट्राफी 2025 मैच में पहला सेमीफाइनल रोमांचक रहा। इसका फैसला सुपर ओवर में हुआ। जिसमें गोल्डन टाइगर ने सीहोर एडवोकेट को हराया। इसके अलावा दूसरा सेमीफाइनल मैच में आरएनटीयू ने केकेआर खेरी को 34 रन के एक तरफा मुकाबले में हराया।

शनिवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीहोर एडवोकेट की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 170 रन बनाए थे। इसमें वीरु वर्मा ने 10 रन, अमित शर्मा ने 21 रन, आशीष ने 80 रन की विस्फोटक पारी के अलावा शुभम राय ने 12 रन और चेतन मेवाड़ा ने 22 रन बनाए थे। वहीं गोल्डन टाइगर गी ओर से रिजवान, शिखर, नितेश ने दो-दो विकेट और अलिजर खान ने एक विकेट हासिल किया। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोल्डन टाइगर ने भी 20 ओवर में 170 रन बनाए थे। इसमें नितेश ने 42 रन, समद ने 21 रन, मुद्दशर आलम ने 10 रन, शिवम ने 35 रन और शिखर ने 33 रन बनाए। स्कोर बराबरी पर होने के कारण फैसला सुपर ओवर में हुआ। जिसमें गोल्डन टाइगर ने एक ओवर में 28 रन बनाए, इसमें समद ने छह गेंद पर तीन चौके और दो छक्के लगाए थे। वहीं सीहोर एडवोकेट की टीम एक ओवर में 14 रन ही बना सकी। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे प्रतियोगिता का फाइनल मैच आरएनटीयू और गोल्डन टाइगर के मध्य खेले जाएगा। वहीं शाम को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com


युवा मिशन
— एक विचार ले लो, उसी को सोचो, उसी का स्वप्न देखो, उसी पर अवलम्बित रहो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, स्नायुओं और शरीर के प्रत्येक भाग को उसी विचार से ओत–प्रोत होने दो।
यही सफलता का रास्ता है। यही वह मार्ग है, जिसने महान पुरुषों का निर्माण किया है।
- स्वामी विवेकानंद
सशक्त, क्षमतावान और आत्मनिर्भर युवाओं का प्रदेश बनेगा मध्यप्रदेश
स्वामी विवेकानंद
युवा शक्ति मिशन
का शुभारंभ
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
12 जनवरी, 2025 । प्रातः 11:30 बजे
रवीन्द्र भवन, भोपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मिशन के प्रमुख उद्देश्य
• युवाओं के समग्र विकास पर केन्द्रित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उद्यमिता और रोज़गार क्षमता का निर्माण
• वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मानकों के अनुसार कौशल एवं तकनीकी विकास
• तकनीक के अधिकाधिक उपयोग एवं अनुसंधान तथा विचारशीलता को बढ़ावा
• नशे से दूरी एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन
• भारतीय ज्ञान परंपरा, पर्यावरण संरक्षण, खेल एवं संस्कृति के क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाना
• समाज में सक्रिय भागीदारी के साथ अर्थव्यवस्था में सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित करना
• प्रत्येक जिले में एमएसएमई औद्योगिक पार्क का विकास एवं स्टार्टअप्स को बढ़ावा देकर रोज़गार के अवसर सुगम बनाना
प्रदेश स्तरीय
सामूहिक सूर्य नमस्कार
प्रात: 9:30 बजे से 10:30 बजे तक
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी सहभागिता
सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोपाल
D-11151/24
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
#युवा_शक्ति_मिशन_MP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025